bias is an obstacle on the way of attaining an equitable social and economic order and therefore consider addressing gender related issues in their situation as a matter of priority. The concept of gender sensitivity has been developed as a way to reduce barriers to personal and economic development created by sexism. Gender sensitivity helps generate respect for the individual regardless of sex. Gender sensitivity is not about pitting women against men. On the contrary, education that is gender sensitive benefits members of both sexes. It helps them determine which assumptions in matters of gender are valid and which are stereotyped generalizations. Gender awareness requires not only intellectual effort but also sensitivity and open-mindedness. It opens up the widest possible range of life options for both women and men. So, Gender Sensitization is the ability to recognize gender issues and to recognize different perceptions and interests arising from different social position and gender roles.

Gender sensitization through Education

In 1986 the National Policy on Education (NPE) specifically emphasised the necessity of reorienting education to promote women's equality, and envisioned education playing a positive interventionist role in the empowerment of women. The policy recommended revision of textbooks to eliminate gender bias and stereotyping and the training of teachers towards greater gender sensitivity. The NPE 1986 was a radical policy intervention in that it placed gender equality through education as a social and political commitment of the state; and it has continued to guide advocacy efforts for women's education. However, even this major intervention at the policy level was limited by the fact that education, and school. " Education will be used as an agent of basic change in the status of woman. In order to neutralise the accumulated distortions of the past, there will be a well-conceived edge

in favour of women. The National Education System will play a positive, interventionist role in the empowerment of women. It will foster the development of new values through redesigned curricula, textbooks, the training and orientation of teachers, decision-makers and administrators, and the active involvement of educational institutions. This will be an act of faith and social engineering. Women's studies will be promoted as a part of various courses and educational institutions encouraged to take up active programmes to further women's development".

There is no doubt that significant progress has been made at policy level to have gender sensitive educational framework. The National Curriculum Framework 2000 has a clear-cut position on gender issues. It seeks to posit women as recipients of a benevolent if not empowering culture, promotes the idea that gender equality is an organic part of our cultural legacy and that the education of girls has a place to play in social cohesion, rather than social transformation. The glorification of women as mothers and the pronouncement that gender equality will be promoted through 'non adversarial' positions signifies the considerable shift from the NPE 1986 [GoI 1986], which spoke of education as an interventionist agency to promote gender equality in Indian society.

The National Policy for the Empowerment of Women, 2001, stated the importance of making the textbook gender sensitive and free of biases and stereotypes The policy mentioned that gender sensitive curricula would address one of the causes of gender discrimination i.e., sex stereotypes.

Justice Verma committee recommendation also mentions that gender equality needs to be integrated in the curriculum at all levels of school education and gender modules need to be developed for percolating issues of equity and equality in a sustained manner.

Gender sensitization in school curriculum

National Curriculum Framework 2005 has prioritised gender as an important guiding principle in all curricular area and stipulated that gender be an integral part of all disciplines offered to children at school stage. Gender concerns have been integrated in the curriculum and in the textbooks drawn up by the National Council of Educational Research and Training. NCF 2005 has flagged off gender concerns and recommended that these be addressed in terms of making the perspectives of women integral to the discussion of any historical event and contemporary concern.

CBSE serves as an excellent forum for the society to develop Gender Sensitivity amongst its students. Adolescent Education programs of CBSE, inclusion of Life-skills in curriculum, evaluation of students in co-scholastic areas on the basis of attitudes and values are some of the significant measures taken up by CBSE which are going to serve as important factors in evolution of Gender Sensitivity in Indian Social Environment. CBSE has prepared a checklist (which covers different areas of school) for Gender Sensitivity consists of gender sensitive parameters which should be followed to promote gender sensitivity in classroom transaction and extra-curricular activities. The checklist identifies the specific standards that the schools should conform in order to build and support an environment, system and processes that are sensitive towards the requirements of students of both the genders. Including chapters on value education in text books is also very important so that gender sensitivity and respect for women is taught. Recently, the CBSE had even brought out a handbook on value education for teachers, guiding them to impart values through innovative means including use of meaningful cinema and books. CBSE has also developed a "kit on gender sensitivity" for teachers to enable them to ensure unbiased participation of both boys

and girls in the learning, process.

The HRD Ministry, which has begun the process of drafting a new education policy, wants curriculum to underline gender issues and has assured that all states and stakeholders will be involved in the process of drafting the new policy. Gender sensitisation and inclusion will be the core of the curriculum for schools and the Ministry of Human Resource Development (HRD) will collaborate with the Ministry of Women and Child Development (WCD) to ensure the textbooks are free from gender biases.

School curriculum should focus on empowerment of girl education by creating awareness amongst girls regarding psychological and physical changes of adolescence. They should be educated regarding domestic violence and sexual abuse so that they could face these challenges and share them with their parents and elders. This empowering education in the schools would reduce the creation of masculine norms in boys. This is the need of hour to give education which could create awareness amongst students regarding our social and moral issues.

Guidelines to promote gender sensitivity in Curriculum

Schools can play an important role in inculcating gender sensitivity in etiquettes and manners of the students. A detailed action plan with a definite road map is required in the school curriculum to achieve gender equality. To promote gender sensitivity in curriculum includes:

· Development of guidelines, handbooks and other exemplar materials for promotion of gender sensitivity.

· Policy makers should **re–design Curriculum and Educational Programmes** by which we can eliminate gender bias

from textbooks.

· Development of textual and non-textual materials for promotion of gender equality and make the curriculum and its transaction gender inclusive.

· Sensitization and orientation programmes for **Curriculum Makers, Textbook Writers and Educational Planners** for incorporation of identified values that commensurate with equality between sexes, peace and harmony in textbooks and school curriculum.

· Priority needs to be given to themes reflecting equal contributions of both men and women to the society.

Guidelines to promote gender sensitivity in Classroom

In order to achieve gender sensitive approach in school, a holistic approach involving various interventions is required. The holistic intervention package can include the following elements:

· It is very important that there should be compulsory training for the teachers both male and female. Gender sensitization trainings for teachers should be organized as they will facilitate the change to be brought about in the syllabus and at policy level. Gender equality is the need of the hour since discrimination is seen subtly existing in all areas of life, including among teachers, regardless of the fact that women are proving to be equal in all areas.

· Equipping teachers with knowledge, skills and attitudes for gender sensitive teaching-learning process.

· Enabling teachers to develop and use gender sensitive methodologies that ensure equal participation of both girls and boys in teaching and learning processes.

· Developing classroom practices that are gender friendly.

· Establishing guidance and counselling desks in order to provide services for the social and psychological development of girls and boys.

· Providing scholarships and support to needy girls and boys to ensure that they do not drop out of school.

· Providing gender sensitive infrastructure including:

i. Boarding facilities in case of long distances from school.

ii. Separate and adequate toilets for girls and boys.

iii. Adequate and clean water and sanitation.

· Carrying out activities to promote the participation of girls in science, mathematics and technology (SMT) subjects.

Guidelines to promote gender sensitivity in School

· Assist school management to mainstream gender issues at the school level.

· Empowering girls with skills for self-confidence, assertiveness, speaking out, decision making and negotiation in order for them to overcome gender-based constraints to their education.

· Empowering boys with skills to de-link from gender oppressive attitudes and practices such as macho-ism, bullying and sexual affronts and to develop the self-confidence needed to accept gender equality positively.

· Undertaking gender sensitization of parents, community leaders and members, teachers, girls and boys in order to raise their awareness and understanding of the need to support girls'

education.

· Training teachers and students in guidance and counselling skills.

· Establishing a gender responsive school management system that ensures gender equality in the governance and operation of the school.

· Undertaking gender training of the school management team including the school board, parent–teacher association, heads of departments and prefects, in order to raise their awareness on the need to support girl's education.

· Involving the community and other stakeholders in monitoring and taking action to ensure improved enrolment, attendance and performance of girls.

· Establishing a database to track student performance and welfare as well as the levels of gender responsiveness of all aspects of the school.

· Syllabus needs to address human trafficking as children are 'at risk' of sexual abuse and trafficking. Students should be taught and explained, according to their capacity to comprehend, the difference between 'good' and 'bad' touch be encouraged to report any misgiving. Since abuse is conducted not only by adults, but also by older children.

· Education on awareness of relationships and hygiene safeguards to be included in syllabus in order to inculcate mature outlook towards body and bodily functions.

· Value education or Moral education classes play a very crucial role in gender sensitization. In a world where the senses are being continuously blasted with negative messages of violence,

dishonesty, greed and corruption; it becomes important to inculcate values associated with aspirations concerning importance of women, national identity, national economic growth and positive values associated with prevailing understandings of capitalism. The number of Value/Moral Education classes should be increased to at least twice or thrice every week and compulsory for students at all levels of their education.

· Including Sanskrit in curriculum at all level of education can play a very important role in inculcating values of humanity and respect for women.

Sensitization of Policy makers, Administrators/ Implementors

Sensitization of bureaucrats is also needed to promote equal participation of women in development. The objective of such training will be to develop appropriate attitudes and knowledge for planning , monitoring implementation programme and polices for women.

India accounts for 30% of the world's total illiterate population and out of which 70% are women. As per 2011 Census data, women constitute 48% of the total population in India, with a total literacy rate of 53.7% as compared to 75.3% in males. The literacy rate among rural women is 46.1% as compared to 72.9% among urban women; which is still lower than literacy rates among rural and urban men which stands at 70.7% and 86.3% respectively. Education has the potential to contribute to alternative socialization, challenging conventional gender ideologies, levelling the playing field between males and females in relation to skills, credentials and qualification, and allowing women the use of knowledge to empower themselves in diverse ways.

To promote gender issues we need to start changing the mindset of younger generation as they are those who can bring about further change in society, with their innovative ideas, thoughts and practices. Some major changes are to be made at school front too. School teachers can make a difference by developing an atmosphere in the school, where a child naturally absorbs values and ethics as he/she grows up from a kindergarten kid to a senior secondary youngster. This would not only make the students duty conscious but also protective and caring towards others. For this we need good educated teachers having sound knowledge regarding gender issues. Gender sensitization will change the perception that men and women have for each other. It will create a mindset in which men will no longer see women in stereotypical image. They will no longer consider women as weak and unequal entity. Men will see their female counterparts as responsible and equal partners in socio-economic development. The men who are otherwise reluctant to acknowledge women's contribution will come forward under the influence of sensitization to recognize their contribution. Women too will become more conscious of their capability and contribution and take pride in the same. Gender sensitized persons become instruments of change as far as status of women in the society is concerned. It can foster meaningful participation and integration of women into development process and can lead to better impact on women.

Making education accessible to more and more girls, especially rural girls, removing all gender discrimination and gender bias in school curriculum, textbooks and the process of transaction is absolutely necessary. Moreover, it will be the most appropriate thing to recognise and nurture the best features of each gender in the best Indian tradition. After all, India gave her women the right to vote without any prolonged battle for it unlike in the west. There is a need to develop and implement gender inclusive

and gender sensitive curricular strategies to nurture a generation of girls and boys who are equally competent and are sensitive to one another, and grow up in a caring and sharing mode as equals, and not as adversaries ('Context and Concerns'- NCF 2000: 9).

References

- Sharma, Arun at all, Women, Education and Empowerment, OM Publications, New Delhi, 2009.
- Geetha, V., Gender, Stree, An imprint of Bhatkal and Sen, Culcutta 2006.
- Sharma, Nirmala, Women and Education: Issues & Approach, Alfa Publication, New Delhi 2006.
- www.ncert.nic.in, Gender analysis of Primary Text Books of NCERT, Report 13-14.
- *unesdoc.unesco.org/images232205e.pdf/**0023/002322**/* Education for all, global monitoring report , 2015.
- National Policy on Education ,1986(revised 1992*)*.
- unesdoc.**unesco**.**org**/images/0018/001890/189054e.pdf, Reorienting Teacher Education to Address Sustainable Development: Guidelines and Tools; Gender sensitizing ,2010.
- Roy,Rajashri, Women, Education and Development, Neha Publishers and Distributers,2009.
- Bhasin Kamla, What is patriarchy?, Raj Press, New Delhi, 1993.

प्राचीनभारतीयसामाजिकपरिवर्तने नारीणां योगदानम्

डॉ. के.भारत भूषण

सामाजिकुन्नयनार्थ समाजशास्त्रानुसारं व्यक्ते:, परिवारस्य, समाजस्य, देशस्य संसारस्य योगदानं स्वीयक्षमतानुगुणं विद्यते। सामाजिकपरिवर्तने अनुगामित्व (Following the society) धर्मस्य पालनं महत्वपूर्णमस्ति। अनुगामित्वभावनाऽपि सेवाभावाधारेण, कृता। तत्र त्यागस्य, वात्सल्यस्य, मनोचितुत्तमगुणै: आचरणेन सामाजिकोन्नयनमभवत्। मुख्यरूपेण नारीणामधिकार: सेवाभाव एव।

समाजकल्याणं तदैव साध्यं भवितुर्महति यत्र निर्द्वन्द्वभावनेन कर्त्तव्यपूर्तये आत्मानं ये समर्पयन्ति तत्र नारीणाम् अलौकिकस्थानं विद्यते। सर्वस्व प्रदाने स्त्रिय: सर्वदा त्यागेन दास्यन्ति न तु वाञ्चन्ति। स्वीयापूर्वगुणेन स्वस्थानस्य, क्षेत्रस्य स्वीयबुद्धिशक्त्या अवगम्य तदनुगुणं निस्वार्थ सेवनेन आप्लाविता:।

श्रृष्टिमध्ये उभयो: समानत्वमेव दर्शितम्। सामाजिकजीवने पुरूषा:, स्त्रिय: च परस्परपूरकरूपेण जीवनस्य सार्थकत्वं स्थापयन्ति। प्राय: सर्वेषां समाननियम: विद्यते स्वक्षेत्रं त्यक्त्वा अन्यत्र प्रवेश: क्रियते चेत् स्वकर्त्तव्यनिर्वहने तदा अन्यक्षेत्रे अपूर्णत्वप्रतिपादनमपि सिध्यति। प्राचीनसंस्कारे गृहस्थजीवनं यज्ञस्वरूपमिति जानीम:। तत्र अर्धाङ्गिन्या: योगदानमपि सहयोगरूपेण, सहकाररूपेण कालिदासेन रघुवंशे वर्णितमस्ति–

विधेः सायन्तनस्यान्ते स ददर्श तपोनिधिम्।
अन्वासितमरून्धत्या स्वाहयेव हविर्भुजम्।।

इति निर्जनेवने ऋषिराजः वशिष्टः यज्ञ निर्वहनं माता अरून्धती सहयोगेन पूरितः। नारी शिक्षिका कथं च देदीप्यमाना आसीदिति उदाहरणमेव तत्र प्रबलम्। अशिक्षिता नारी यज्ञादिकार्ये सहयोगी भवितुमर्हति वा इत्यत्र मनोवैज्ञानिकदृष्टया पश्यामः चेत् सा तु अर्न्तमुखी आसीत्। स्वजीवनं सर्व यज्ञमयेन, पवित्रमयेन, साधानास्वरूपेणा च विलसति।

मातासीतादेवीविषये अवलोकयामः चेत् भगवान् - श्रीरामः पितृवाक्यपरिपालनव्रतधारणकाले सीतादेव्याः योगदानं श्रीरामस्य व्रतानुष्ठाने अनुगामि एव आसीत्। सामाजिकपरिवर्तने अनुगमनमपि मुख्यसाधनम्। पत्नी धर्मे प्रतिद्वन्द्वस्य अथवा संघर्षस्य अवकाशः कदाऽपि नासीत्।

नारीणामिङ्गितानुसारं श्रृष्टिमध्येऽपि परिवर्तनमासीत्। स्वीयकुष्टरोगेण पीडित पतिसेवनेन साध्वी शाण्डिली महासामर्थ्यवान् भगवान् भास्करस्य गतिमपि स्तगितवती एवं सावित्री विषये वचनबद्धयमराजस्य विषये वयं जानीमः तत्र अतिशयोक्तिः नास्ति। नारीणां सहयोगः मुक्त्यर्थं न तु बन्धनार्थम्। सन्दर्भे स्वयं महात्मागान्धी महोदयाः कथयन्ति यत् महात्माशब्दस्य सार्थकत्वं कस्तूरबायाः एव उचितमिति।

कौशल्यायाः वात्सल्यस्य, कोमलहृदयस्य दर्शनं रामस्य वनगमने अनुभूयते अथाऽपि सा कोमलभावान् अतिरिच्य पितृवाक्यपरिपालने सहयोगं कारितवती।

सुमित्रायाः विषये कथनीयञ्चेत् तरूणः नव विवाहितपुत्रम् अग्रजानुगमनार्थम् आदिशति, तत्र मातृवात्सल्यादि गुणान् अतिरिच्यतया त्यागरूपेण अनुमतिं दत्तवती। लक्ष्मणस्य त्यागस्य कारणम् अथवा श्रेयः सुमित्रा तथा नवोढा ऊर्मिलायाः एव सर्वदा। तया अनुगामिनि स्थाने विरागस्य, संयोगस्य स्थाने वियोगस्य सौभागमिति स्वीकृतवती। अतः

अद्यापि इतिहासे ऊर्मिलादि नार्यः स्मर्यन्ते।

मनोविज्ञान तथा कर्मविज्ञानविशेषज्ञा माता कुन्ती स्वपुत्रान् समाजे सार्थकनागरिकनिर्माणार्थं शुद्धोसि, बुद्धोऽसि, निरञ्जनोऽसि, एवं संसारमाया-परिवर्जितोऽसि इति स्थायीप्रेरणया संसारे वास्तविकताम् अवगन्तुम् जीवन्मुक्त्यर्थञ्च दातुं प्रेरणा श्रोता आसीत्।

उपासनापद्धतेः प्रकाशिका मातासरस्वती उपासनेन शाश्वत ज्ञानप्राप्तेः आधारः लभ्यते। समाजनिर्माणे शुद्धतायाः पवित्रतायाः विचारः आवश्यकः, शुद्ध तथा पवित्रविचारान् विना समाजकल्याणं नैव भवितुमर्हति। मातासीतायाः पवित्रत्वविषये युद्धानन्तरं श्रीरामेण आदिष्टा सीता आत्मानं प्रतिष्टापितवती।

यथा मे हृदयं नित्यं नाऽपसर्पति राघवात्।
तथा लोकस्य लक्ष्मी मां सर्वतः पातु पावकः।।[1]

एवम् उत्तररामायणे अश्वमेधयज्ञसन्दर्भे लवकुशौ विषये अवबोधप्राप्त्यनन्तरं शुद्धतायाः विषये शपथवेलायां स्वयं भगवान् वशिष्टमहर्षिः कथयति-

बहुवर्ष सहस्राणि तपश्चर्या मया कृता।
नोपाश्नीयां फलं तस्या दुष्टेयं यदि मैथली।।[2]

तत्क्षणे एव दुःखिता सीता भगवदर्शनेन पृथ्वी मातां प्रार्थितवती आत्मानं स्वीकर्तुम्। पातिव्रत्यकारणात् अद्यापि समाजकल्याणे नारीणामनुकरणम्, अनुसरणं कल्याणप्रदमिति दृश्यते। एवमेव सत्यभामायाः प्रश्नस्य उत्तरदानसन्दर्भे यद्यपि अप्रसन्ना द्रौपती स्वीयोत्तरेण स्त्रियोचितोत्तमगुणेन पुरूषस्य आकर्षणं कर्तव्यमिति सूचयति। एवं सज्जनता, सदाशयता, सच्चारित्रता सत्प्रेमयुक्तता, सुबुद्धियुक्तता, सद्भावना, सेवा सत्प्रयत्नशीलता आदि गुणैरेव वशीकरणं करणीयमिति बोधयति। द्रौपदी सामान्यनारी नासीत् परन्तु परमविदुषी, सदाचारिणी उदारगुणयुक्तक्षमाशीला एवं भक्तिमती।

अतः स्वयं शशक्ता तथा समाजकल्याणे पऱिवर्तने उपयुक्ता इति निरूपिवती।

सृष्टिविषये वैज्ञानिकाः RELATIVE इत्यस्य एव स्वीकुर्वन्ति। प्रपञ्चे सर्व सम्बन्धितमेव इति स्वीकुर्वन्ति न तु ABSOLUTE इत्यस्य। अत्र RELATIVE इत्यस्मिन् स्थाने नारीणां योगदानमिति कथनम् सत्यम्। (उदा. न्यूटन प्रबृदयः) स्नेहपूरिता, चिरवन्दनीया मीराबाई स्वीयजीवनं भक्त्या प्रकाशितवती। कवियित्रीरूपेण आत्मानं भक्तिमार्गे स्मरणे, चिन्तने अद्यापि नारीवर्गस्य उदाहरणमयी विद्यते।

श्रीआन्डाल श्रीवैष्णवसिद्धान्ताचार्याणां मध्ये वेदस्वरूपं बीजरूपेण एवं पापानिवारणेन मोक्षसांराज्याय मार्गदर्शनं स्वीयपद्येन तिरूपावै इत्यस्मिन् ग्रन्थद्वारा प्रकाशितवती।

राष्ट्रनिर्माणे व्यवस्थितराज्यसञ्चालने, युद्धस्थले देशरक्षणे, कार्यसञ्चालने नारीणां योगदानविषये सामाजिकपरिदृश्ये पश्यामः चेत् कौशल्या, कैकेयी, महाराणी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई, वीराङ्गना इत्यादयाः प्रसिद्धाः। आजीवनं ब्रह्मचर्यव्रतानुष्टात्री गार्गी ब्रह्मानुभवेन जीवनं व्यतीतवती।

नार्यः स्वीयसात्विकगुणेन, सौम्यतायाः कारणेन, दिव्यत्वदानेन, समाजे शीर्षस्तस्थानं प्राप्तवत्याः कदापि बलात् न उपविष्टाः। उत्तमसुदृढ, सुसंगठितराष्ट्रस्य निर्माणं केवलं नारीणां पक्षे विद्यते, कथमित्युक्ते राष्ट्रस्य निर्माणे जनानाम् आधारः विद्यते, जनाधारणस्य मूलभूतकारणकर्तारः विद्यन्ते नार्यः। प्रकृतिप्रदत्तक्षेत्रत्वेन स्त्रियः पत्नीत्वस्य, मातृत्वस्य क्षेत्रे सर्वदा विराजन्ते। यदि निर्दिष्टक्षेत्रस्य पूर्तिः समाजे केनाऽपि कर्तुं शक्यते वा? इतोऽपि तासां विना समाजकल्याणं कुतः? अभिवृद्धिः कथमिति प्रश्नानामुत्तरं काठिन्यमेव। (नास्ति एव)। अतः स्वयमेव व्यक्तं भविष्यति समाजनिर्माणे परिवर्तने नारीणां योगदानम् अवर्णनीयमिति अवगच्छामः।

प्राचीनभारतीयनारीणाम् इतिहासेन अवगम्यते यत् ते प्रज्वलित-जीवनेन अद्यापि जीवन्ति, परन्तु अस्माकं दृष्टिकोणे यदि उचितपरिवर्तनं

भविष्यति चेत् जीवनस्य सफलतायाः कारणं केवलं तासां त्यागगुणस्य तपश्चर्यायाः, सरलतायाः, ज्ञानगम्यतायाः, कोमलतायाः, दृढतायाः प्रभावान् अनुभवितुं शक्यते न तु केवलम् उपभोगप्रियतायाः इति। अद्य मोहावृत्त-वासनादिकारणात् कुत्रचित् न तु सर्वत्र पूजनीय स्वर्गादपि गरीयसी स्थानम् मातृरूपेण न भूत्वा कदाचित् प्रकारान्तरेण व्यवहरन्ति। तत् सर्वं तासाम् आत्मगौरवस्य अवहेलनमेव, तन्न भाव्यम्।

अद्यापि प्रायः सर्वत्र नारीणां योगदानम् अवर्णनीयमेव। ब्रह्मज्ञानात् उपग्रहज्ञानपर्यन्तं भारतीयसामाजिकउन्नयने नारीणां स्थानवर्णने मनुना वर्णित पद्यमेव प्रमाणम्।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतासु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।

1. वा. रा. यु. 116.24
2. वा. रा. उ. 16. 20

संस्कृतसाहित्य में निरूपित नारी-संवेदना

डॉ. सुमन कुमार झा

साहित्य और समाज का अन्तःसम्बन्ध सर्वथा स्वीकृत है, वस्तुतः दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उत्तम एवं श्रेष्ठ साहित्य समाज को उन्नत बनाकर उसे अभ्युदय के पथ पर आरूढ करता है, इसके लिए साहित्य समाज को प्रेरणा एवं विचार प्रदान करता है। साहित्य समाज के लिए सर्वोत्तम मार्ग प्रदर्शित करते हुए उसके पथ को उसी प्रकार प्रकाशित करता है जैसे सूरज इस संसार को प्रकाशित करता है। इस तरह साहित्य समाज को अपने आलोक से आलोकित करता है।

दूसरी तरफ समाज साहित्य को तथ्य कथ्य एवं विषयवस्तु प्रदान करता है, जिससे साहित्यरचना की दिशा प्रशस्त होती है। समाज में घटित होने वाली नित नई घटनाएँ, उत्पन्न होने वाले नवीन प्रश्न एवं विचार, आविर्भूत होने वाली प्रवृतियाँ, रीतियाँ, परम्पराएँ एवं समस्याएँ साहित्यसृजन का हेतु बनती हैं। साहित्य का सृजन समाज के लिए एवं समाज के द्वारा होता है। व्यक्ति की समष्टि ही समाज है। अतः स्वाभाविक है कि उसमें समाज के महत्वपूर्ण घटकों की भावना-संवेदना-अधिकार-कर्त्तव्य-मान-सम्मान-संरक्षण-संवर्धन इत्यादि का निरूपण एवं चित्रण प्रमुखता से हो।

उपर्युक्त संदर्भो के आलोक में अगर हम संस्कृत साहित्य का अनुशीलन करते हैं तो पाते हैं कि **संस्कृत साहित्य में न केवल मानव अपितु मानवेतर प्राणियों की भावनाओं एवं संवेदनाओं का चित्रण**

भी अत्यन्त मुखरता से किया गया है। क्योंकि इस संसार के समग्र **स्थावर-जङ्गम पदार्थ साहित्य के विषयवस्तु हैं।** ऐसा कोई भी पदार्थ नहीं है इस जगत में जिसका चित्रण साहित्य में उपलब्ध न होता हो चाहे वो **चेतन हो या अचेतन, प्राकृतिक हो या मानव निर्मित, दृश्य हो या अदृश्य।** शास्त्रकारों के वचन इस तथ्य के प्रमाण हैं। अतः संस्कृतसाहित्य में तो प्राणिमात्र के प्रति, जीवमात्र के प्रति समाज की संवेदना का निरूपण एवं चित्रण प्रमुखरूप से उपलब्ध होता है।

समाज का निर्माण स्त्री-पुरुष के साहचर्य से ही सम्भव है। प्रकृति ने स्त्री-पुरुष को एक दूसरे के पूरक के रूप में प्रतिष्ठापित किया है। अतएव भारतीय परम्परा, दर्शन एवं साहित्य में अर्धनारीश्वर की परिकल्पना की गयी है। रघुवंशमहाकाव्य के मङ्गलपद्य में महाकविकालिदास इस तथ्य को इस प्रकार निरूपित करते हैं-

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थ प्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ।।

यद्यपि विविध भारतीय-भाषाओं में रचित साहित्य में नारी संवेदना एवं नारी के प्रति समाज की संवेदनाओं का चित्रण साहित्यकारों के द्वारा किया जाता रहा है परन्तु संस्कृत साहित्य में तो नारी की संवेदनाओं, मनोभावों का परम्परा सापेक्ष चित्रण उपलब्ध होता है। वस्तुतः भारतीय संस्कृति एवं साहित्य सृजन और संवेदना की संस्कृति एवं साहित्य है। इसका मूर्त रूप है नारी। जिसके सम्पूर्ण अस्तित्व से, सृजन एवं संवेदना के स्पन्दनों, भावनाओं से मानवीयता पुष्पित-पल्लवित होती रहती है। कोई भी व्यक्ति अथवा समाज कितना सुसंस्कृत है इस प्रश्न का उत्तर, उसका नारी के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में खोजा जा सकता है।

नारी-संवेदना से मेरा अभिप्राय है नारी के लिए समाज की संवेदना, नारी के प्रति समाज कितना संवेदनशील था, वर्तमान में कितना

संवेदनशील है इस तथ्य का निरूपण संस्कृतसाहित्य में किस रूप में उपलब्ध होता है, प्रस्तुत शोध-पत्र में इस तथ्य को निरूपित करने का प्रयत्न मेरे द्वारा किया गया है।

संस्कृत साहित्य में नारी को विशेष स्थान दिया गया है, जिसका सही मायने में वह अधिकारिणी भी है। यह नारी माता भी है, पत्नी भी है, पुत्री भी है एवं साथ ही समाज की एक अभिन्न एवं अनिवार्य घटक भी है। इसके अतिरिक्त नारी के अनेक रूप भारतीय समाज एवं परिवार में वैदिक-काल से ही मान्यता प्राप्त है।

वैदिक साहित्य से लेकर अर्वाचीन संस्कृत साहित्य में नारी के प्रति समाज की संवेदनशीलता एवं कर्त्तव्यों का मर्मस्पर्शी चित्रण एवं निरूपण उपलब्ध होता है, जो संस्कृतसाहित्य को विशिष्ट एवं महनीय बनाता है। नारी के सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक-सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकारों की चर्चा सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में प्राप्त होता है। संस्कृत साहित्य **मातृदेवो भव** का जयघोष करता है तो **'मातृवतपरदारेषु' 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'** जैसी शिक्षा भी प्रदान करता है।

ज्ञानक्षेत्र में नारी अनादि काल से ही नर के समान रही है। अनेक वेदमन्त्रों के अवतरण में ऋषियों के ही नहीं ऋषिकाओं के भी नाम मिलते हैं। नर और नारी को समान ऋषिपद प्राप्त होता था। वैदिक ऋचाओं की द्रष्टा के रूप में विश्ववारा, गोधा, सरमा, अपाला, घोषा, शची, लोपामुद्रा आदि ऋषिकाओं का सम्मानपूर्ण स्थान था। यही नही सर्वोच्च ऋषिपद तक में नारियों को स्थान मिलता था। अरुन्धती का सप्तऋषि पद पाना सर्वविदित है।

अध्यात्म और ज्ञान के क्षेत्र में नर और नारी का भेद करना किसी भी दृष्टि से युक्तिसंगत नही ठहरता। ब्रह्म को लिङ्गभेद से परे माना जाता है। नर के रूप में वह परम-पुरुष के रूप में प्रकट हुआ तो नारी

के रूप में उसे आदि शक्ति परम चेतना कहा जाता है। पुरुष और प्रकृति के जिन दो नामों से उसे जाना जाता है उनमें एक पुल्लिङ्ग है तो दूसरा स्त्रीलिङ्ग। शास्त्रों में ब्रह्म के तीनों रूपों को जहाँ **ब्रह्मा विष्णु महेश** कहा जाता है वही उसे आदिशक्ति- **महासरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली** के रूप में भी व्यक्त हुआ माना जाता है। पुराणों में देवीशक्ति का देवताओं के सहयोगिनी के रूप में विशिष्ट वर्णन उपलब्ध होते हैं। प्रत्यभिज्ञा दर्शन में इस जगत को शिव एवं शक्ति का परिस्पन्दन माना गया है।

लौकिक संस्कृतसाहित्य का आदिकाव्य रामायण में नारी के सर्वोत्कृष्ट रूप के दर्शन होते हैं। नारी के प्रति करुणा, तत्कालीन समाज की संवेदनशीलता रामायण का महत्त्वपूर्ण प्रतिपाद्य है। रावण जैसा पात्र भी सीता का सम्मान करता है। वन को निर्वासित सीता के लिए सारे आश्रम लालायित हैं, आश्रम का पूरा समाज सीता के परिरक्षण हेतु अत्यन्त उत्सुक दीख पड़ता है। जिसका विशिष्ट निरूपण महाकवि भवभूति ने उत्तररामचरित नाटक में प्रस्तुत किया है। अत: सीता के चरित्र के बिना रामायण अधूरा सिद्ध होगा। द्रौपदी, कुन्ती, गान्धारी के चरित्र से हम सुपरिचित हैं। श्रीमद्‌भागवत में देवकी यशोदा एवं गोपियों के चरित्र को नारी के प्रति समाज की संवेदनशीलता को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है मानो समग्र साहित्य भारतीय नारी के सामाजिक चेतना को रेखाङ्कित करने के लिए रचे गये हैं।

महाकवि भास के नाटकों में चित्रित नारी चरित्रों से तत्कालीन समाज में नारी के योगदान को समझा जा सकता है। स्वप्नवासवदत्तम् एवं प्रतिज्ञायोगन्धरायण नाटक में वासवदत्ता एवं पद्‌मावती का किरदार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। ये दोनों नारी पात्र तत्कालीन समाज को अपनी बुद्धिमता एवं दूरदर्शिता से नयी दिशा प्रदान करती हैं, और सम्पूर्ण समाज इनके निर्णयों में अपनी सहमति प्रदान करता है।

महाकविकालिदास की कृतियों में तो नारीपात्रों के प्रति गहरी सामाजिक संवेदना प्रदर्शित की गयी है। शाकुन्तल की शकुन्तला का चरित्र न केवल नारी–सशक्तिकरण की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है अपितु समाज में उसके स्थान, सामर्थ्य एवं नारी के प्रति समाज की संवेदना की दृष्टि से भी विशिष्ट है। वनवासिनी शकुन्तला को सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए पूरा समाज उसके पीछे खड़ा दिखाई देता है क्योंकि कालिदास की शकुन्तला **मूर्त्तिमती सत्क्रिया** है। इस तथ्य को मैंने **अभिज्ञानशाकुन्तले शकुन्तलायाः सामाजिकसामर्थ्यम्** नामक शोधपत्र में विस्तारपूर्वक दर्शाया है। महिला अध्ययन केन्द्र के द्वारा गत वर्ष आयोजित राष्ट्रियसंगोष्ठी में इस शोधपत्र का वाचन किया गया था। शायद जल्द ही उसका प्रकाशन इस केन्द्र के द्वारा होगी ऐसी मेरी आशा है।

महाकविभारविविरचित किरातार्जुनीयमहाकाव्य में द्रौपदी एक राजनीतिकुशल मार्गदर्शक की भाँति युधिष्ठिर एवं अर्जुन को उपदिष्ट करती है। नारी के प्रति होनेवाले अपमान के लिए महाकविभारवि ने द्रौपदी के द्वारा तत्कालीन समाज की भर्त्सना भी करवायी है। यथा–

> **गुणानुरक्तामनुरक्तसाधनः कुलाभिमानी कुलजां नराधिपः।**
> **परैस्त्वदन्यः क इवापहारयेन्मनोरमामात्मवधूमिवश्रियम्।।**[1]

गुप्तकाल में रामगुप्त के द्वारा शकों के भय से अपनी पत्नी को शक शासको को दे दिया गया था। परवर्ति साहित्य में इसके वर्णन उपलब्ध होते हैं। ध्रुवस्वामिनी इत्यादि में। साथ ही तत्कालीन समाज जो नारी के प्रति संवेदनहीन होने की ओर अग्रसर था, उसे महाकविभारवि ने खूब फटकार भी लगायी है और नारी के सम्मान एवं अस्मिता की रक्षा के लिए दिशानिर्देश भी प्रदान किया है। भारविकालीन छठी एवं सातवी शती का भारतीय इतिहासग्रन्थ इसके प्रमाण हैं।

महाकविशूद्रक विरचित **मृच्छकटिकनाट्यकृति** में तो तत्कालीन समाज एवं सामाजिक संवेदना का यथार्थ निदर्शन प्राप्त होता है। यह सही है कि **मध्यकालीन भारतीयसमाज में पतनशीलप्रवृत्तियों के विकसित होने के कारण सामाजिकसंरचना हर तरह से दूषित होती गयी जिसमें नारी की सामाजिक स्थिति भी शामिल है। लेकिन संस्कृत साहित्य के क्रमिक अध्ययन से ज्ञात होता है कि जब-जब समाज नारी के प्रति असंवेदनशील होने लगा, या समाज की संवेदनशीलता शिथिल हुई, तब-तब उस काल** के साहित्यकारों, महाकवियों ने अपनी साहित्यिक कृतियों के द्वारा समाज को प्रतीकात्मक रूप से, प्रतीयमानार्थ के द्वारा झकझोरा, समाज को सोचने के लिए विवश भी किया एवं उस विकट परिस्थिति से निकलने का मार्ग भी सुझाया। मृच्छकटिकप्रकरण ग्रन्थ में वसन्तसेना अत्यन्त सुशिक्षिता, कलामर्मज्ञा नारी के रूप में चित्रित है, जिसका समाज में अत्यन्त सम्मान है। गणिका होते हुए भी समाज में वसन्तसेना का आदर यह दर्शाता है कि समाज नारी के प्रति कितना संवेदनशील है।

भट्टनारायणविरचित वेणीसंहारनाटक का पूरा वाक्यार्थ नारी संवेदना पर ही निर्भर है। नारी के साथ अनुचित व्यवहार एवं अपराध करने वाले के लिए कठोर से कठोर दण्ड का प्रावधान करना इस कृति की विशेषता है।

महाकवि भवभूति ने अपने नाटकों में नारी को महनीय पद प्रदान किया है। नारी के कन्या, पत्नी और माता इन तीनों रूपों का विशद चित्रण भवभूति की कृतियों में किया गया है। नाट्यकृतियों में नारी मनोविज्ञान एवं मनोभावों का विशद निरूपण महाकवि भवभूति की नारी के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है। नारी के मनोभावों को समझना, उसका सम्मान करना आदि के विषय में महाकवि की संवेदना सराहनीय है। नारी के चरित्र पर दोषारोपण करने वालों की वे भर्त्सना

करते हैं, नारी का अपमान करनेवाले को उन्होंने **अतिदुर्जन की संज्ञा** दी है। यथा-

सर्वथा व्यवहर्तव्यं कुतो ह्यवचनीयता।
यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः।।[2]

वैसे राम एवं सीता के चरित्र को लेकर संस्कृत साहित्य में अनेक नाटक रचे गये हैं, किन्तु राम के लोकवेद वंदित शील और व्यक्तित्व का तथा संवेदना एवं सत्क्रिया की प्रतिमूर्ति सीता के चरित्र का जैसा उज्ज्वल प्रतिफलन उत्तररामचरित में हुआ है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। भवभूति के नाटकों में नारी-जीवन की समस्त अनुभूतियों, संवेदनाओं एवं मनोभावों का अत्यन्त स्वाभाविक रूप नाटकीय-भावभूमि में प्रस्तुत किया गया है। भवभूति-कालीन समाज में स्त्रियों का स्थान सम्मानजनक था। स्त्रियों के लिए समाज में शिक्षा की समुचित व्यवस्था थी। लड़कियों को संगीत ललितकला आदि की भी शिक्षा दी जाती थी। उत्तररामचरित में वर्णित **आत्रेयी, वनदेवता, तापसी, तमसा, मुरला आदि** नारीपात्रों के चरित्रों एवं संवादों से यह सिद्ध होता है। उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क में तमसा एवं मुरला दो स्त्री-पात्रों का दो नदी के रूप में चित्रण महाकवि की अनूठी परिकल्पना है जहाँ दोनों नदियाँ परस्पर संस्कृतभाषा में संवाद करती हैं।

समाज में गुणों की पूजा होती थी, लिङ्ग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता था। आश्रमों में गुरु के पास सभी को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार था। यथा-

शिशुर्वा शिष्या वा यदसि मम तत्तिष्ठतु तथा
विशुद्धेरुत्कर्षस्त्वयि तु मम भक्तिं द्रढयति।

शिशुत्वं स्त्रैणं वा भवतु ननु वन्द्यासि जगतां
गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः।।[3]

भवभूति की कृतियों में पत्नी का घर में पूरा सम्मान था। वह पति का बन्धु, मित्र, संगिनी,अर्धाङ्गिनी और सर्वस्व होती थी। गृहस्थजीवन समानत्ता और स्नेह पर आधारित था। भवभूति के ग्रंथों के अध्ययन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि स्त्रियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण स्वस्थ और सहानुभूतिपूर्ण था। महिलायें घर की लक्ष्मी के रूप में स्वीकृत थी। यथा - **इयं गेहे लक्ष्मी**-------।[4]

भवभूति की नारी शिक्षिता एवं सर्वशास्त्रों में निष्णात है, वह बाहर अध्ययन करने भी जाती है, **मालतीमाधवम्** की **कामन्दकी** सर्वशास्त्रों में निष्णात है, वह बाहर अध्ययन करने जाती है। मालती चित्रकला में प्रवीण है। कालिदास की प्रियंवदा, अनसूया एवं शकुन्तला भी चित्रकला एवं प्रसाधन कला में निपुण है, शकुन्तला पद्यनिर्माण भी कर लेती है, उसे पद्य लिखना भी आता है। गौतमी शास्त्र एवं व्यवहारकुशल नारी के रूप में चित्रित विदूषी है। **आत्रेयी वेदान्त पढने के लिए दण्डकारण्य जाती** है। भवभूति के नारीपात्र धाराप्रवाह शास्त्रीयसंस्कृतभाषा के द्वारा वाक्व्यवहार करती हैं। इन तथ्यों का प्रमाण समकालीन शास्त्रीयग्रन्थों से भी मिलता है। **यथा कविराज-राजशेखर ने काव्यमीमांसाग्रन्थ में लिखा है- पुरुषवद् योषितोऽपि कवि भवेयुः। संस्कारो ह्यात्मनि समवैति न स्त्रैणं पौरुषं वा विभागमपेक्षते। श्रूयते दृश्यन्ते च राजपुत्र्यो महामात्यदुहितरो गणिकाः कौतुकिभार्याश्च शास्त्राप्रहतबुद्धयः कवयश्च**।[5]

महाकवि बिल्हण ने विक्रमांकदेवचरित में कश्मीर की स्त्रियों की प्रशंसा करते हुये यहाँ तक लिखा है कि वे संस्कृत और प्राकृत दानों भाषायें अच्छे ढंग से धारा प्रवाह बोलती थी। यथा-

यत्र स्त्रीणामपि किमपरं जन्मभाषावदेव।
प्रत्यावासं विलसति वचः संस्कृतं प्राकृतं च।।[6]

नैषध में दमयन्ती के वैदुष्य एवं गुणों की चर्चा सम्पूर्ण देश में व्याप्त थी।[7] इस युग में अनेक स्त्रियाँ संस्कृत में काव्यसृजन भी करती थी जैसे- इन्दुलेखा, विज्जिका, शीला, भट्टारिका, अवन्तिसुन्दरी आदि। मण्डनमिश्र की पत्नी शास्त्रार्थ की निर्णायिका बनी थी।

आधुनिक संस्कृतसाहित्य तो नारी संवेदना एवं नारी के प्रति लोक की संवेदना से ओतप्रोत है। अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्य के परिशीलन से स्पष्टरूप से परिलक्षित होता है कि अधिकांश साहित्य में वर्णित कथानक के केन्द्र में नारी ही है। नारी को लेकर यहाँ भरपूर साहित्य सृजित हैं जिसकी संख्या अनन्त है। जिसमें नारी समस्याएँ एवं नारी के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव हेतु प्रचुर साहित्य सृजित किये गयें हैं। इन कृतियों में नारीशिक्षा, दहेजप्रथा, कन्याभ्रूणहत्या, नारी-अधिकार, नारी चेतना, नारी-सशक्तिकरण, बाल-विवाह, नारी-उत्पीड़न, नारी की सामाजिक-स्थिति में उन्नति आदि विविध विषय प्रमुखता से चित्रित हैं।

अर्वाचीन साहित्य में तपस्विनीमहाकाव्य डॉ. रामकृष्णमेहरविरचित जानकीजीवनम् अभिराज राजेन्द्रमिश्र रचित सीताचरितम् आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी रचित सैरन्ध्रीनाटकम् बलभद्र प्रसाद गोस्वामी विरचित प्रेक्षणसप्तकम् राधावल्लभत्रिपाठिरचित, आदि सहस्रों कृतियाँ हैं जिनमें नारी के प्रति समाज की संवेदना को नये रूपों में, नयें सन्दर्भो, नये प्रतिमानों, नये प्रतीकों, नये बिम्बों के द्वारा उभारा गया है, चित्रित किया गया है, जो वर्तमानयुग एवं युग की परिस्थितियों के अनुकूल है। साथ ही नारी के पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनैतिक अवदान का निरूपण तथा राष्ट्र-निर्माण में उसकी सराहनीय भूमिका को भी अर्वाचीन संस्कृत-साहित्य में पर्याप्त स्थान दिया गया है।

निष्कर्ष:- संस्कृत साहित्य नारी के प्रति समाज की संवेदनशीलता को सदैव रेखाङ्कित भी किया है और संवेदना के अभाव पर उसे

आत्मचिन्तन के लिए उद्वेलित भी किया है। काल के किसी भी पटल पर जब भी नारी के प्रति समाज की संवेदनशीलता में शिथिलता देखी गयी, तो उस काल का संस्कृत साहित्य उस युग के समाज को जगाया है मानवता एवं मानव-धर्म का पाठ भी पढ़ाया है।

1. किरात-1.31
2 उत्तररामचरितम्-1.5
3. उ.रा.च.-4.11
4. तत्रैव-1.38
5. काव्यमीमासां- दशमोऽध्यायः।
6. वि.देवचरित-18.6
7. नैषधीयचरितम्-1.44

प्राकृत साहित्य में नारी संवेदना

डॉ. कल्पना जैन

समाज रचना में नारी और पुरुष दोनों का समान महत्त्व रहा है। समाज का अर्थ है स्त्री और पुरुष, समाज के विकास में दोनों का पृथक अस्तित्व कोई मूल्य नहीं रखता है। दोनों विश्व-रथ के दो चक्र हैं। नारी ने हर युग में विश्व को, मानव जाति को नई ज्योति, नई प्रेरणा तथा नई चेतना दी है। इतिहास नारी के उज्जवल आदर्श व तप, त्यागनिष्ठ जीवन का साक्षी है। अस्तु नारी का समाज के विकास में युग युगान्तर से सहयोग रहा है। देश, समाज और धर्म की रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने में भी वह कभी पीछे नहीं रही, अतः किसी भी काल में नारी को नगण्य समझना और उसके महत्त्व को अस्वीकार करना सत्य को झुठलाना है।

साहित्य, धर्म और जीवन से सम्बन्धित किसी भी ग्रंथ में नारी की उपेक्षा नहीं की गयी है। उसे विशिष्टता देकर उसके माध्यम से सामाजिक संरचना को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। प्राकृत साहित्य भी इसका अपवाद नहीं हैं। इसमें नारी की संवेदना को विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया गया है-

1. जन्म व शिक्षा

2. विवाह

3. पारिवारिक जीवन - भार्या, कन्या

4. विभिन्न परम्पराएँ- पर्दा प्रथा, सती प्रथा, विधवा विवाह

5. धार्मिक व राजनीतिक जीवन।

1. जन्म- उस समय कन्या जन्म अभिशाप नहीं माना जाता था। माता-पिता अपनी कलापूर्ण पुत्री को देखकर हर्षित होते थे। पुत्र-पुत्री में किसी प्रकार की असमानता विद्यमान नहीं थी। पुत्र के समान ही पुत्री के जन्म का भी उत्सव मनाया जाता था। कुवलयमाला का जन्म होने पर उसके माता-पिता ने पुत्र-जन्म से अधिक उत्सव मनाया था।[1] बारहवें दिन उसका नामकरण संस्कार किया गया एवं उसके लालन-पालन की व्यवस्था की गई।[2] समराइच्चकहा से ज्ञात होता है कि विलासवती के जन्म होने पर उसके लालन-पालन के लिए धायी नियुक्त की गयी थी।[3] चन्द्रमा की कला के समान जन-मन को आनन्द देने वाली श्रीमती नामक कन्या को देखकर उसके माता-पिता अत्यंत हर्षित थे।[4]

2. शिक्षा-कन्याओं को शिक्षित करना इस युग में आवश्यक माना जाता था। संभवत: 6 या 7 वर्ष की अवस्था में लड़कियाँ अपनी शिक्षा प्रारम्भ करती होंगी और 11 से 12 साल की अवस्था में विवाह होने से पूर्व समाप्त करती होंगी। हरिभद्र ने विवरण दिया है कि पुत्री रत्नवती की शिक्षा के लिए उसके पिता ने सभी साधन जुटाए थे और अपनी पुत्री को संगीत, चित्रकला एवं कई विज्ञानों में निष्णात किया था।[5] कुसुमावली को काव्य और चित्रकला आदि की शिक्षा प्रदान की गयी थी।[6] शिक्षा पर इतना अधिक बल होने के कारण कुछ कन्याएँ इतनी विदुषी हो जाती थीं कि वे अध्यापन कार्य भी निपुणता से करती थीं। कुवलयमाला की एक कथा में भरुकच्छ की कन्या मदनमंजरी ने अपने पिता की आज्ञा से एक राजकीर को थोड़े ही समय में पारंगत कर उसे अक्षर-ज्ञान, लिपि-ज्ञान, वास्तु-लक्ष्य, नृत्य सभी दर्शन आदि की शिक्षा दे पंडित बना दिया था।[7] शिक्षा ग्रहण करने वाली नारियाँ आगे चलकर कुशल गृहिणी बनती हैं। किन्तु अशिक्षित और संस्कार से हीन नारियाँ कुमार्ग की ओर

अग्रसर होती है। समराइच्चकहा में पुरन्दर भट्ट की पत्नी नर्मदा और जिनधर्म की पत्नी बन्धुलता इसी प्रकार का अशिष्ट आचरण करने वाली नारियाँ हैं जिन्होंने कोई शिक्षा व संस्कार प्राप्त नहीं किये थे।[8] आगम साहित्य की टीकाओं में भी ऐसे उदाहरण प्राप्त है।[9] समाज में जो प्रतिष्ठा व सम्मान अपनी कन्या व बहन के लिए था वही दूसरों की कन्याओं को प्रदान करने की अपेक्षा की जाती थी। अत: कन्याओं के साथ अनैतिक संबंध एवं उनके अपहरण संस्कारयुक्त समाज में कम होते थे। आचार्य विमलसूरि ने सभी कन्याओं को प्रतिष्ठा देने के उद्देश्य से मंदोदरी द्वारा रावण को ऐसी शिक्षा देने का प्रसंग उपस्थित किया है। मंदोदरी कहती है कि जैसे आप अपनी बहिन के अपहरण से क्रोधित हो उठे, वैसे ही दूसरों की कन्याओं और बहनों के संबंध में समझें।

परमेसर कहो वि ण अप्पणिय,
जितकण्ण तमे पर भायणिय।[10]

3. विवाह-विवाह एक अत्यंत महत्त्व का संस्कार था। विवाह पुरुषार्थ और सन्तानप्राप्ति के लिए आवश्यक माना जाता था। विवाह प्राय: युवावस्था में ही होते थे। विवाह की योग्यता के रूप में कन्या का शरीर सौष्ठव, सौदंर्य, चरित्र और वर के लिए शुद्ध कुल में जन्म लेना और वीरता के गुण होते थे। कन्या के लिए वर की खोज उसके पिता और भाई करते थे। राजपरिवारों में यह कार्य दूतों तथा मंत्रियों के माध्यम से होता था। उस युग में भी पिता पुत्री का विवाह समय पर एवं अच्छे सुयोग्य वर के साथ करने की इच्छा रखता था क्योंकि वह मानता था कि युवावस्था में यदि कन्यादान नहीं किया तो वे दोष लगा सकती हैं।[11] कन्यादान के लिए शील, गोत्र, कुल आदि की जानकारी होना आवश्यक था।[12] उस समय भी प्रेम विवाह का प्रचलन था। समराइच्चकहा के द्वितीयभव में एवं सप्तमभव में ऐसे प्रेम-विवाहों का वर्णन है।[13] पउमचरियं में मन्दोदरी, कल्याण माला एवं अंजना नामक नारियों के प्रेम-विवाह हुए थे, यद्यपि प्रत्येक की परिस्थितियाँ भिन्न थी।[14] स्वेच्छा

से पति-वरण करने की स्वतन्त्रता के लिये स्वयंवरों का आयोजन इस युग में होता था न केवल उच्च वर्गों में अपितु निम्न वर्ग के लोग भी इस प्रकार के आयोजन करते थे।[15] कभी-कभी उच्च घरानों की कन्याएँ सामान्य व्यक्ति से विवाह कर लेती थीं। एक राजकुमारी ने इन्द्रदत्त को मृत्युदण्ड से बचाने के लिए उससे विवाह किया।[16] अश्वों के स्वामी एक धनिक की कन्या ने अपने चाकर से विवाह कर घरजमाई बनाया।[17]

4. नारी स्वातन्त्रय- उस युग में प्राकृत साहित्य में कन्याओं के जीवन के कुछ ऐसे प्रसंग प्राप्त होते हैं, जो उनकी स्वतन्त्रता के द्योतक हैं। कुवलयमाला में चण्डसोम की कथा में उल्लेख है कि चण्डसोम की बहिन श्रीशोभा अपनी भाभी के रोकने पर भी गांव में हो रहे नाटक को देखने चली जाती है।[18] भाई अत्यंत क्रोधी स्वभाव का है फिर भी रात्रि में प्राणों की परवाह किये बिना अकेले नाटक देखने जाना स्वतन्त्र जीवन का परिचायक है। हरिभद्रसूरि के 'धूर्ताख्यान' ग्रन्थ में खण्डपाना नामक नारी पाँच सौ धूर्त पुरुषों पर विजय प्राप्त करती हैं, उन्हें वाद-विवाद में हराती है तथा अन्त में उन्हें भोजन कराकर तृप्त करती है।[19]

कर्त्तव्यपरायणता-पउमचरियं में दो ऐसी कन्याओं का वर्णन प्राप्त होता है जो अपने पिता के शत्रु से बदला लेने के लिए युद्ध-भूमि तक जा पहुँचती हैं।[20] इसी प्रकार कल्याणमाला के पिता को कोई बन्दी बनाकर ले गया। तब शोक मनाने की बजाय कल्याणमाला स्वयं नलकुंवर के पुरुष वेश में राजा बन गयी और तब तक बनी रही जब तक उसे पिता की मुक्ति का आश्वासन नहीं मिल गया।[21]

भार्या-सुशिक्षित, संस्कारयुक्त एवं साहसी कन्याएँ जब मनपसन्द वर के साथ विवाह संबंध में बँधती हैं, तो वे वधु, भार्या, गृहलक्ष्मी आदि पदों को धारण करती है। प्राकृत साहित्य में नारी के यथार्थ स्वरूप को प्रस्तुत करने में कोई संकोच नहीं है। इन ग्रन्थों में वर्णित नारी के रूप केवल पौराणिक या कल्पि-काल्पनिक ही नहीं है, अपितु जन-जीवन से

उनका सीधा संबंध है। यह सामाजिक मनोवृत्ति का परिणाम है कि सच्चरित्र एवं त्यागमूर्ति गृहिणी को उस समय प्रतिष्ठा और गौरव दिया गया तथा कुलटा एवं स्वार्थी नारी को तिरस्कार झेलना पड़ा। आचार्य हरिभद्रसूरि ने उपदेशपद में प्राचीन आगमों की प्रसिद्ध कथा 'धन्य की चार पुत्रवधुएँ' प्रस्तुत की है। यहाँ गुण और बुद्धि के साथ-श्रम से युक्त नारी की प्रतिष्ठा की गई है।[22] दशवैकालिक-हरिभद्रीयवृत्ति में समुद्रा की कथा शील के महत्त्व को प्रतिष्ठित करने वाली है।[23] समराईच्चकहा की कथाओं में सार्थवाहों की पत्नियाँ भी अनेक कष्ट उठाकर यात्रा में जाती थी। उस युग में पति देवता समान माना जाता था।[24] पति के लिए पत्नी पूर्णता का प्रतीक थी। हरिभद्रसूरि ने एक मनोरंजक कथा द्वारा यह संकेत दिया कि उस समय किस प्रकार नारी पुरुषों पर राज करने की बात सोचने लगी थी।[25] इस युग की पत्नियाँ अपनी पसन्द-नापसन्द प्रत्यक्ष रूप से प्रकट कर सकती थीं वे केवल धार्मिक विश्वासों के आधार पर नहीं जी रही थीं। समराइच्चकहा की धनश्री एवं लक्ष्मी मनचली और स्वच्छंद पत्नियों के रूप में चित्रित हैं। वे क्रूरहृदया, निष्ठुर और पति को हर कदम पर धोखा देने में प्रवीण हैं।[26] इस युग में यद्यपि नारियों की इस प्रकार का स्वच्छन्दता के उदाहरण प्राप्त हैं किन्तु समाज में ऐसी चरित्रहीन और कर्त्तव्यहीन नारी सम्मान की पात्र नहीं थी।

विधवा जीवन-विधवा समस्या को जीवन का अभिशाप माना गया है। प्राकृत साहित्य में विधवा जीवन के दो-चार प्रसंग उपलब्ध हैं।[27] किन्तु वे उतने कष्टप्रद नहीं है कि चर्चा के विषय बनें। विधवाएँ धर्म साधना में अपना शेष जीवन व्यतीत करती थी। रावण की मृत्यु के बाद मंदोदरी ने दीक्षा धारण की।[28] संभवतः आज की भाँति उस समय भी विधवाएँ अमांगलिक मानी जाती रही होंगी। अपनी सन्तान तक के विवाह में भाग लेना वर्जित माना जाता था। विधवाओं का पुनः विवाह नहीं होता था। डॉ. अन्तेकर के अनुसार 600 ई. के बाद विधवाओं के पुर्नविवाह का विरोध बढ़ता गया।[29]

पर्दाप्रथा-प्राकृत साहित्य में पर्दा प्रथा के प्रचलन का कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं आया। भरत का अपने भाभियों के साथ जल क्रीडा का उल्लेख मिलता है।[30] सुशिक्षित किशोरियाँ भरी सभा में विद्वान् पुरुषों के साथ शास्त्रार्थ करती थीं। एक ब्राह्मण की दो कन्याएँ जिनका नाम भद्रा और सुलसा था उन्होंने शास्त्रार्थ में अनेक वादियों को जीता[31] कैकया द्वारा घूम-घूम कर स्वयंवर में एक-एक राजा को देखने का उल्लेख है।[32]

सतीप्रथा-पति के प्रेम में आसक्त कोई पत्नी अग्नि-प्रवेश की अथवा आत्मघात की प्रतिज्ञा भी करती दिखायी देती है।[33] किन्तु वह धार्मिक विश्वास के लिये या किसी डर से किया गया सती मरण नहीं है। कुवलयमाला में पति को एक स्थान पर देवतुल्य कहा गया है तथा उसके निधन पर पत्नी को सती होने की सम्मति दी गयी है। साथ ही दूसरे प्रसंग में उसे निंदनीय माना गया है।[34]

धार्मिक जीवन-तप में रत नारियों को तपस्विनी, आर्यिका श्राविका कहा गया है।[35] महावीर भगवान् की समवसरण में पैंतीस हजार आर्यिकाएँ मानी गयी।[36] श्राविकाएँ गृहस्थ जीवन में रहकर धर्म का पालन करती थीं, लेकिन इसका जीवन तपस्विनियों और आर्यिकाओं जैसा कठोर नहीं होता था। ब्राह्मी और सुन्दरी नामक दोनों कन्याओं ने अनेक स्त्रियों के समूह के साथ आर्यिकाओं की गणिनी पद तक पहुँची[37] एक स्थान पर सीता द्वारा केवलियों की पूजा का उल्लेख है।[38]

राजनीतिक जीवन-सम्भवत: स्त्री जाति को राज्य-पद पर अभिव्यक्ति करना वैधानिक नहीं माना जाता था। कहीं भी उसका राज्याभिषेक नहीं दिखलाया गया। कुछ ऐसे उदाहरण अवश्य मिलते हैं जिनसे उनका प्रशासन में प्रभाव रहता था तथा पुत्र के सहायक के रूप में प्रशासन संचालन में मद्द करती थी। एक स्थल पर मंदोदरी द्वारा यमदण्ड मंत्री को आदेश देने का उल्लेख है।[39] एक कन्या का पुरुष वेश में शासन

भारतीय समाज में नारी के विविध रूप पुत्री, बहू, पत्नी, माता, सखा, वीराङ्गना आदि रूपों में उस प्रकार प्रतिभासित होती हैं जिस प्रकार से एक ही सूर्य को देखने से उसमें विभिन्न प्रकार के रंग दिखाई पड़ते हैं और कहीं उसी की मानसिक दशा दहेज प्रथा की प्रताड़ना, विभिन्न औद्योगिक कारखानों में जाति-पाति की छूआछूत में, पुरुष प्रधान समाज की दृष्टि में अबला के रूप में देखने को मिलती है। वास्तविक रूप में स्त्री की यथार्थ स्थिति गांव के उस सुदूर क्षेत्र में देखने को मिल सकती है जिसमें वह गोद में बच्चे को लिये हुए और सिर पर ईटों का भार ढोती है। या फिर शहर के उस आलीशान बंगले में जहाँ उसी की आज्ञा से घर में पोंछा तक महिला को लगाना पड़ता है। सामाजिक दशा में स्त्री की विभिन्न परिस्थिति उसके साधनों ज्ञान, सामर्थ्य और चुनौतियों से मिलकर ही उसके जीवन का निर्माण करने के लिए ही सक्षम हुए हैं। वर्तमान में यह स्थिति प्रत्यक्ष देखने को मिलती है लेकिन हमारा इतिहास भी इस स्थिति से अछूता नहीं है। क्योंकि एक सामाजिक प्राणी अपने अतीत से सीखकर वर्तमान में स्थिति सुधार कर भविष्य का निर्माण करता है। स्त्रियों ने भी बहुत हद तक अपने इतिहास से ही सीखा है जहां उसकी आलोचना समाज की कुप्रथाओं के खिलाफ जाने के लिये की गयी वहीं वर्तमान में समाज स्वयं उन प्रथाओं का विरोध करने के लिये कटिबद्ध है। जैसा कि वर्तमान घटनाओं में अन्तर्जातीय विवाह,

बालविवाह का विरोध करते हुये ऐसे को एक सशक्त दृष्टि देने के लिए और पुरुष प्रधान समाज में उसकी स्थिति को सुधार लाने के लिए 'बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ' जैसी योजनाओं के लिए सरकार उत्साहपूर्ण ढंग से संलग्न है।

प्राचीनकाल से ही हमारे समाज में पुरुष प्रधान समाज की अवधारणा इतनी प्रबल दिखाई पड़ती है कि हम सभी मातृदेवो भव या मातृरूपेण संस्थिता की धारणा को कुछ ही पंक्तियों में सिमटा हुआ पातें हैं, जबकि वास्तविकदृष्टि से प्राचीनकाल से वर्तमान तक यदि एक सिंहावलोकन किया जाये तो नारी का स्थान पुरुषों की अपेक्षा अधिक श्रेष्ठ नहीं पाया जाता है। उसमें यदि हम गार्गी, गौतमी, सीता, के ज्ञान गरिमा को समीक्षित करे या फिर अहिल्या, कुन्ती, द्रौपदी, लक्ष्मीबाई, ज्योतिबाफुलेबाई, बेगमहजरतमहल, रजियासुल्तान, एनीबेसेन्ट, मदर टेरेसा आदि के समाजसुधारक संघर्षों पर दृष्टि डाले तो वर्तमान में उसी प्रकार उन्हीं के समकक्ष नारियां भूमिका निभाने की कतार में हैं। प्रशासनिक क्षेत्र में यदि प्राचीनकाल में स्त्री की स्थिति में एक राज्य संचालिता के रूप में मुगल साम्राज्य की सर्वप्रथम नारी रजिया सुल्तान के संघर्षो को देखा जाता है। तो वर्तमान में भी व्यवसायिक क्षेत्रों में अरुन्धतीभट्टाचार्य, चंदाकोचर, पूजा के नाम अग्रगण्य हैं। इस प्रकार जो हमारे मानसिक पटल पर पुरुषप्रधान समाज की धारणा बनी हुई है उसको नारी समाज ने लगभग परिवर्तित कर दिया है। वर्तमान मुद्दों में भी नारी की बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी नवीनतम सूचना संस्था प्रौद्योगिकी के माध्यम प्रतिदिन हमें परिलक्षित हो रही है। इतना ही नहीं सरकार द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र और महिला आयोग जैसी संस्थाओं की स्थापना इसका प्रमाण हैं कि स्त्री किसी भी प्रकार से पुरुष से कमतर नहीं आंकी जा सकती। इसका दूसरा पक्ष कार्यक्षेत्र की दृष्टि से देखा जाये तो बहुत से गांवों में पुरुषों की उपस्थिति में भी महिलायें वे कार्य करती हैं जो पुरुष के करने योग्य है और शहरों में भी प्रत्येक

क्षेत्र में यहां तक की कुछ वर्ष के परीक्षा परिणामों में भी एक बालिका जो घर के सारे काम करते हुए भी परीक्षा में अपनी उच्च स्थिति सुनिश्चित करती है वहीं बालकों शिक्षा में उसने अधिक पीछे छोड दिया है। जहां सामान्यत: स्त्री पुरुष के सामान कार्य करके पुरुष से कहीं कम वेतन पाती है यह हमारे समाज की स्त्री की स्थिति का वास्तविक दर्पण समाज की दशा अभी भी वास्तविक तौर पर एक अच्छी स्थिति में नहीं हैं और यह हमारी पुरुषवादी धारणा का परिणाम है। वास्तव में हमें स्त्री के सभी विषयों पर विचार करते हुये उनके उत्थान में हर संभव स्वयं तथा सरकार सहयोगिक कार्य करने के लिये कटिबद्ध होना चाहिए। जैसा कि पिछडे हुए राज्यों में विशेषतर राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार के कुछ क्षेत्रों में बालविवाह की प्रथा, दहेजप्रथा, स्त्री अशिक्षा और अन्य बहुत समाज की दृष्टि में अनुचित समझे जाने वाली धारणायें या प्रथायें विद्यमान हैं। हम अपने आसपास के क्षेत्र में स्त्री का अच्छा पक्ष देखकर अपने विचार प्रस्तुत न करें अपितु उसकी दयनीय स्थिति उनके विषय में गम्भीरता से विचार और प्रयास करना हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है। जबकि स्त्रियों के बारें में चिंतन से पूर्व हमें उनके कमजोर पक्षों पर दृष्टिपात अवश्य करना चाहिये। हमारे समाज में स्त्रियों के विरुद्ध अधिक संख्या में कुप्रथाओं, कुविचारों, कुसंस्कारों का प्रचलन है। जो उनके विकास में बाधायें उत्पन्न करती हैं। उनमें से मुख्यतौर पर जो मुख्य समस्यायें सामने आती हैं उन पर दृष्टिपात किया जा रहा है-

1) बालविवाह- वर्तमान में हम अपने चारों ओर शिक्षित समाज का बहुत बड़ा पक्ष सामने पाते हैं। वही पर पिछड़े इलाकों में बालविवाह की प्रथा आज भी हमे देखनें को मिलती है। इसके प्रत्यक्ष प्रमाण राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में परिलक्षित होता है।

2) भ्रूणहत्या- किसी भी प्राणी को जीवन प्रदान करना ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा कही जाती है क्योंकि मानवता ही ईश्वर का वास्तविक

रूप है। लेकिन पुरुषवादी धारणा के चलते इसका विकृति रूप हमें गर्भ निरीक्षणोपरान्त यदि गर्भावस्था में भ्रूण स्त्री रूप में विद्यमान है तो गर्भ में ही उसका पतन करा दिया जाता है। यह घटना हमारी मानसिकता का द्योतक है। यदि जन्म देने वाली ही न रहे तो यह सृष्टि आगे किस आध ार पर चल सकेगी क्योंकि स्त्री को ही जननी कहा गया है और वही इस सृष्टि की उत्पदायित्री है।

3) मानसिकविकार- हम सभी कई अवसरों पर स्त्रियों को ऐसी स्थितियों का सामना करते हुये देखते हैं कि पुरुष उनको एक भोगविलास की दृष्टि से ही या 'नार्यस्तुभोग्या' इस धारणा से ग्रसित पाते हैं। यही नहीं बहुत संस्थानों में स्त्रियों को पुरुष सामर्थ्यता में कम आंका जाता है इस धारणा के शिकार होते हुए स्त्रियों को किसी अच्छे एवं उच्च पद योग्य नहीं समझा जाता है।

4) दहेजप्रथा- मानव शरीर अमूल्य वस्तु है उसमें चाहे स्त्री हो या पुरुष जब कोई स्त्री अपना परिवार छोड़कर दूसरे परिवार में शामिल होती है तो उसके शरीर से कीमती संसार का क्या वस्तु हो सकती है, जो अपना जीवन उस परिवार को समर्पित कर देती है। लेकिन हमारी मानसिकता इस प्रकार बन गई है कि हम पुरुष को ही सबल समझते है तथा रूढ़िगत विचारों के जाल से नहीं उभरकर दहेजप्रथा के कुचक्र में एक स्त्री को जलाकर मारने से भी पीछे नहीं हटते। यह हमारे समाज का एक प्रत्यक्ष और कटु सत्य है।

5) अशिक्षा- यद्यपि सरकार ने सर्वशिक्षा अभियान, बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ, महिला आयोग गठन जैसे कार्यों से स्त्री को आगे बढ़ाने के लिये प्रेरित किया है लेकिन आज भी लगभग 30 प्रतिशत बच्चे आर्थिक कमी से रूप उचित निर्देशन के अभाव में फैक्ट्रियों में बालमजदूरों के रूप में काम करते या फिर सड़कों पर भिखारियों के रूप में देखने को मिलते हैं। यद्यपि हमारा समाज यह मानता है कि वह

प्रगति के मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। जब तक हम किसी भी लडकी को उसके चूल्हा-चौका वाली धारणा को समाप्त कर एक अच्छे भविष्य के लिये उसको शिक्षित नहीं करेंगे तब तक हमारा समाज प्रत्येक क्षेत्र में पिछड़ा ही रहेगा। क्योंकि कुछ ही अच्छे उदाहरणों ने स्त्री शक्ति को वैश्विक दृष्टिपटल पर प्रस्तुत कर दिया है। अतः प्रत्येक स्त्री शक्ति को सुशिक्षित करना और अपनी घरेलू धारणा को बदलना हमारे लिये आवश्यक हो गया है।

उपर्युक्त समस्यायें प्रत्यक्ष रूप में हमारे समाज में सर्वाङ्गीण विकास हेतु बाधक हैं उनको देर करने के लिये सर्वप्रथम हमें अपने विचारों में परिवर्तन लाना होगा अर्थात् हमारी पुरुष प्रधान समाज की जो धारणा बनी हुई है उससे उभर कर समत्व की भावना को मन में लाना आवश्यक है इसके साथ-साथ हमें हर संभव प्रयास करना होगा कि प्रत्येक बच्ची को एक अच्छा भविष्य प्रदान कर उसको समाज में प्रेरणा का स्रोत बनायें। सरकार द्वारा जो भी कार्यक्रम महिला शक्ति संवर्धन के लिये चलाये जा रहें है उनमें तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करे। समाज में यदि कोई कुप्रथाओं या कुविचारों का क्षेत्र हमें परिलक्षित हो तो उसको जागरुक नागरिक की तरह सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बारे में उन सभी को अवगत कराना चाहिये जो स्त्री को बोझ रूप में या घरेलू कार्य करने वाली समझकर व्यवहार करते हैं।

सर्वदा यही धारणा नहीं होनी चाहिये कि पुरुष ही सब कुछ करने में सक्षम है यदि धारणा स्त्रियों के अन्तर्मन में स्थापित हो गयी हो तो वह अपना विकास पूर्ण रूप से कभी नहीं कर सकती है, अतः स्त्रियों को स्वदृष्टि में अच्छे समाज के कार्यक्षेत्र में विद्यमान किसी भी स्त्री को प्रेरणा स्रोत बनाकर उनके पदचिन्हों का अनुसरण कर और समाज में सकारात्मक अभिव्यक्ति के साथ अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर अपने उज्ज्वल भविष्य को मूर्त रूप प्रदान करना चाहिये। यद्यपि अनेक बाधायें

उनके सामने सामाजिक, आर्थिक या नैतिकता के रूप में आ सकती हैं। लेकिन जब तक हम उन समस्याओं के बारे में सोचते रहेंगे तब तक हम अच्छे समाज का निर्माण या कहे स्त्री-सशक्तिकरण या स्त्री संवेदीकरण करने में असफल रहेंगे। अतः संघर्ष ही जीवन है इस धारणा को अपने अन्तर्मन में धारण कर कार्यपथ पर जब तक सतत रूप से नहीं लगेंगे तब तक वह बाधायें दूर नहीं होगी और कार्यरत होने के उपरान्त सभी बाधायें स्वयं ही दूर होती नजर आयेंगी।

सन्दर्भितग्रन्थ

1. ऋग्वेदः, सं. दामोदरसातवलेकर (सायणभाष्यसहितम्), वैदिक-संशोधन-मण्डलम्, पूना,1972

2. भारतीयसंस्कृतिः, डॉ. दीपककुमारः, चौखम्भा सुरभारतीप्रकाशनम्, वाराणसी, 2011

3. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, डॉ.कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2010

4. मनुस्मृति, चौखम्भा प्रकाशन

5. भारतीय संविधान-प्रस्तावना

6. वेदों में नारी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद्, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, उ.प्र., 2008

7. ऋग्वैदिक आर्य (ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अध्ययन),राहुल सांकृत्यायन, किताब महल इलाहाबाद, तृतीय संस्करण,2007

8. Sumangali, A Journal of Gender and Heritage,Vol.III No.1,March,2013,S.L.B.S.R.S.V.,New Delhi.

विद्यालये लिङ्गसम्बन्धिभावुकता पाठ्यक्रमश्च

डॉ. नारायण वैद्य

"तमसो मा ज्योतर्गमय" इति उपनिषदुक्त्यनुसारं निरन्तराभिवृद्धिशीला: पञ्चजना:। प्रतिक्षणं विद्यालयेन अभ्युदय: इति विचक्षणा:। विद्यालय: मानवव्यक्तित्वस्य निर्माणं करोति। अत: विद्यालय: समाजस्य स्वास्थ्यं संरक्षति इति लप्यते। भारतीया: 'गृहं प्रथमपाठशला' इत्युक्त्वा बालकस्य कृते गृहम् अपि विद्यालय: अपिविद्यालय: इति मन्यन्ते।

यद्यपि विचार्यमाणे आहारेण व्यवहारेण च व्यक्ते: विकास: आरभ्यते। गृहं तथा विद्यालय: बालकस्य विकासं प्रभावयति। तत्र यदारभ्यते तदेव तेषां जीवनं निर्माति। एतदेव अनुभवरूपेण मनसि अङ्कितं भवति। अत: तादृश: कश्चन पाठ्यक्रम: विद्यालये भवेत् येन बाल्यावस्थायां लिङ्गसम्बन्धि भावना सम्यक् विकसेत्। अर्थात् विद्यालयीयपाठ्यक्रमे स्त्रीपुंसयो: समानं समुचितं च स्थानं भवेत्।

लिङ्गसम्बन्धिभावना

लिङ्गसम्बन्धिभावना मस्तिष्कसम्बद्धप्रक्रिया वर्तते। यदा स्त्रीपुरुषौ परस्परं सम्मुखौ भवत: तदा एका विशिष्टभावना उदेति। इयं भावना व्यक्त्नुसारं स्थानानुसारं च भिद्यते। लिङ्गभावुकता ग्रामनगरयो: पृथगेव अवलोक्यते। ग्रामे बालिका बालकस्य कृते सहायिका इति भावना वर्तते। नगरे बालिका: क्रियाशीला इति भावना अस्ति।

मनुस्मृतौ स्त्री क्षेत्रमिति, पुरुष: बीजमिति वर्णितमस्ति। तदुक्तम्-

क्षेत्रभूता स्मृता नारी बीजभूतः स्मृतः पुमान्। (मनुस्मृतिः 9.33)

अनेन ज्ञायते लिङ्गभावुकता सामाजिकचिन्तनं वर्तते। सामाजिकचिन्तनं व्यक्तेः क्षमता द्वारा अवगम्यते। विद्यालये दृश्यते बालकानां प्रवेशावसरे लिङ्गभावना। मुख्याध्यापकः पृच्छति पितुः नाम किं? पितुः उद्योगः कः? पिता कियद्धनमर्जयति? यदि पञ्चाशत् सहस्रम् अर्जयति (50000), पञ्चविंशतिसहस्रं (25000) संरक्षणं करोति तदा नैव चिन्तनं प्रवर्तते धनसंरक्षणे मातुः महद्योगदानमस्तीति। अपिच प्रमाणपत्रे अपि पितुः नामोल्लेखनं भवति न तु मातुः।

विद्यालयीयछात्रपञ्जिकां पश्यन्तु तत्रपि बालकानां नाम आदौ, तदनु बालिकानां नाम लिख्यते। छात्रपञ्जिकायाम् अकारादि क्रमः कुतो नास्ति?

एवमेव कक्षायां कोऽपि बालकः रोदिति तदा अध्यापकः पृच्छति कुतः श्रूयते बालिकानां रोदनमिति। अपिच कक्षायां विषयचयनेऽपि बालिकानां संख्या कला, गृहविज्ञानम्, जीवविज्ञानम् इत्यादिषु अधिका भवति। एवमेव इंजीनियरिंग क्षेत्रेऽपि Coputers तथा Electronic विषयं बालिकाः स्वीकुर्वन्ति। बालकास्तु Civil तथा Mechanical विषयं स्वीकुर्वन्ति। अतः अध्ययनक्षेत्रमपि प्रभावयति लिङ्गमिति वक्तुं शक्यते।

पाठ्यक्रमः

ननु किमर्थमत्र पाठ्यक्रमे लिङ्गभावुकता विषये चर्चा इति चेत्, भारते विद्यालयस्य वैविध्यता वर्तते। यथा- बालिकानां विद्यालयः, बालकानां विद्यालयः, बालकबालियोः विद्यालयश्चेति। यथा विद्यालयवैविध्यता भवति तथा पाठ्यक्रम-पाठ्यसहमामिक्रियोः विविधता जायते। अतः पाठ्यक्रमः तरतमभावरहितः स्यात्। वस्तुतः 'लिङ्गभावुकता शिक्षा उत्तमसमाजनिर्माणार्थं वर्तते'।

साम्प्रतं पाठ्यक्रमे स्त्रीणामपेक्षया पुरुषाणां सम्मानम् अधिकं प्रदर्शितमस्ति। अद्यतनीयपाठ्यक्रमे ईदृशानि चित्राणि वर्तन्ते। यथा-महिलाः

भोजनालये भोजननिर्माणम्, वस्त्रप्रक्षलनम्, गृहस्य मार्जनम् इत्यादि। तथैव पुरुषाणां चित्रम् एवं तर्वते। यथा-वैद्या:, उत्तमक्रीडालु:, अध्यापक:, अधि कारी, चालक: इत्यादि। एवमत्र स्त्रीणां कार्यक्षमता न्यूना, पुरुषाणां सामर्थ्यमधिकं इति चित्रितं विद्यते।

वास्तविकसमाजे पुरुषाणमपेक्षया स्त्रिय: प्रोन्नता: सन्ति। ता: अत्यन्तं निष्ठया स्वीयं वृत्तिं निर्वहन्ति। अद्यत्वे भ्रष्टाचारप्रकरणेषु पुरुषा: अवलोक्यन्ते। एवं स्थितौ पूर्वोक्तरीत्या पाठ्यपुस्तकस्य निर्माणं दोष: विद्यते। अर्थात् पाठ्यक्रमे लिङ्गतरतमभाव: वर्तते। एवं तरतमभाव: न स्यात्। पाठ्यक्रमे समानता नियम: भवेत्।

इन्द्रियाणि सर्वदा इह भोगं वाञ्छन्ति। भोग: मिथ्याज्ञानस्य कारणं वर्तते। मिथ्याज्ञानात् अनुकूलेषु राग: प्रतिकूलेषु द्वेष: समुत्पद्यते। रागद्वेषाभ्यां काम-लोभादय: दोषा: प्रादुर्भवन्ति। इयं पापात्मिका प्रवृत्ति: महिलानां हिंसाया: कारणं वर्तते। अत: पाठ्यक्रमे मनोनिग्रहार्थं प्रशिक्षणं अपेक्षते। मनस: निग्रहेण मात्सार्यादय: दोषा: वायन्ते। तेन लिङ्गाभावुकता सम्यक् व्यवस्थापयितुं शक्या। कठोपनिषदि मनोनिग्रहस्य प्राधान्यं प्रतिपादितमस्ति। यथा-

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्ययुक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथे:॥
यस्तु विज्ञानवान्भवति युक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथे:॥ कठोपनिषद् - 1.3.5 ,6

शिक्षाया: त्रिणि ।अभिकरणनि विद्यन्ते औपचारिकशिक्षा, अनौपयारिकशिक्षा, निरौपचारिकशिक्षा चेति। तत्र अनौपचारिकशिक्षणे दूरदर्शनम्, चलनचित्रम्, लघुचित्रम्, इत्यादय: अन्तर्भवन्ति। चलनचित्रमाध्यमेन या शिक्षा समाजे लभ्यते तत्रपि दृश्यते। यथा चलनचित्रे नायक: नायिकां बहुधा पीडयति। तत्पश्चात् नायिका नायकं प्रीणाति। तेन सह विवाहमपि

करोति। वास्तविकसमाजे एवं घटना नैव घटते। अस्य उदाहरणं नवदेहल्याः घटना वर्तते। अत्र बालकस्य बालिकायामनुरक्तिः कारणमासीत्।

एवं घटनाः चलनचित्रकथाः इव अवलोक्यन्ते। एतादृशघटनानां कारणं चलनाचित्रमिति कथयामः चेत् नातिशयोक्तिः स्यात्। यतः चलनचित्रमपि शिक्षायाः अभिकरणं वर्तते। अतः चलनचित्रे, लघुचित्रे, दूरदर्शने च एतादृशकार्यक्रमाणां प्रतिरोधः करणीयः।

उपसंहारः

विश्वेऽस्मिन् लिङ्गविभाजनं प्राथम्यं भजते। यतः लिङ्गं स्त्रीपुरुषयोः समूहस्य विशिष्टं लक्षणं धत्ते। इदं च लिङ्गं विश्वस्तरे समाजस्य स्तरीकरणाय अपि उपयुज्यते। एवं लिङ्गं समाजस्य विभागार्थम् अपि उपकुरुते। अस्माभिः यत् किमपि साधीयते तत्रापि लिङ्गं प्रमुखं कारणम्। अतः आजन्मतः अस्ति लिङ्गस्य प्राधान्यता इति वक्तुं शक्यते। किं बहुना कुत्रपि जननवार्तां श्रुत्वापि पृच्छते सामान्यः जनः किं पुत्रः उत पुत्री जन्म आप्नोत् इति।

अत्र लिङ्गसम्बन्धिनी या तारतम्यता अवलोक्यते सा असंस्कृतमनसः कृत्यम्, न तु सुसंस्कृतमनसः। श्रुतिस्मृत्यादिषु स्त्रीणां स्तुतिः यत् दृश्यते तत् अद्यतनीयपाठ्यक्रमे न दृश्यते। यथा- यत्र - तत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। (मनुस्मृतिः 3.56)

अद्यतनीयपाठ्यक्रमः केवलं उद्योगं लक्षीकृत्य प्रवर्तते। अयं पाठ्यक्रमस्य दोषः अस्ति। पाठ्यक्रमे तथा किमपि वैशिष्ट्यं स्यात्, यदधीत्य वृत्तिं प्राप्य निर्दुष्टं व्यक्तित्वमपि निर्माणं कुर्यात्।

अस्माकं राष्ट्रपित्रा महात्मागान्धीमहोदयेन अपि पुरा भारतस्य सामाजिकस्थितिम् अवलोक्य एवमुक्तम्- भारतं तदा सम्पूर्णतया स्वातन्त्रं प्राप्नोति यदा महिलाः निर्भीत्या दिवसे अटन्ति तथा रात्रौ अपि अटनं कुर्युः। शिक्षानुष्ठानेषु यद्येवं वातावरणं निर्मीयते तर्हि तद्धितं बहुदूरे नास्तीति प्रत्यपादि।

1. मनुस्मृतिः - साधना पब्लिकेशन्स, माडल टाउन, दिल्ली -110009
2. ईशादि नौ उपनिषद्-गीताप्रेस, गोरखपुर-05
3. उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा-डा. जे. एस. वालिया, अहम पाल पब्लिशर्स, गोपाल नगर, जालन्धर शहर
4. इतिहास तथा नागरिक शास्त्र का शिक्षण-हेमन्त कुमार, विनोद पब्लिकेशन्स, लुधियाना-08
5. शिक्षा के समाजशास्त्रीय आधार- डा. सरयू प्रसाद चौबे, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-02

The Role Shodasha Sanskaras on Gender Senstization

Dr. Jagdish Raj Sharma

Sanskras put a great impact on gender sensitization and develop inner and outer personality of a Gender. They contribute a lot to shape the behavior, sociability adjustment and morcover add to truth beauty and goodness in a particular gender.

lndia has a great tradition of its cultural heritage, which has come into force from very early period of Rigveda. slowly and steadily man's faiths (Religions) have been developed, such as Hindu, Muslims, sikha, Boudha, Jaina, Parast, Yahudi, christian etc, They all have Sanskras according to their respective tradition, Hindu perform various Sanskras during their whole life span, but shodasha sankars are the main which were performed in Ancient lndia and even performed by some people in the present era which are as under:-

1 . Gharbadhanam (गर्भाधानम्)

2. Punsawanam (पुंसवनम्)

3. Seemantinnayanam (सीमान्तोनयनम्)

4. Namakarnam (नामकरणम्)

5. Jatakarma (जातकर्म)

6. Nishkramanham (निष्क्रमणम्)

7. Annaprashanam (अन्नप्राशनम्)

8. Churakaranam (चुड़ाकर्म)

9. Karnnaved (कर्णवेध)

10. Upanayanam (उपनयनम्)

11 . Vedarambha (वेदारम्भ)

12. Keshantam (केशान्तम्)

13. Samavartanam (समावर्तनम्)

14. Panhigrahanam (पाणिग्रहणम्)

15. VratasadhaPanam (व्रतसाध्यापनम्)

16. Antyeshti (अनयेष्टि)

The word sensitization means the functional pancha-Indriyanh which are Chakshu-Eyes, Shrotra-Ears, Twak-Skin Ghranha-Naustri, Rasana-Tounge.

There functions are Eyes -(See), Ears (Hear), Skin (Touch), Naustril - To Smell Tounge - Taste.

By performing Sanskaras, all develop their nature in positive direction. A gender becomes constructive, a good behavriouristic, social, moral and useful citizen. Due to Samaskaras - Pancha-Karm-Indriyanhi VAK, Panhi Pad Payoo Upastha and 11th is Antakaranh which contains - Man (Mind), Buddhi (Intellect), Chit (Conscious) Ahmkara (Ego). By Performing SANKARAS, the gender as thinks, so he speaks as he speaks so he acts. There is harmony in thinking, speaking and actions.

According to our Shastras, "Shodasha Sanskaras" are just a like in the whole India, though, there can be a slight difference in their procedure.

I. GHRABADHANAM (गर्भाधानम्)

The first Samaskara, Gharbhadhanam, after marriage, the couple can have a male or Female Child. During the day, both should keep Upawasa. At the time of sun-set, the couple is advised to eat 'Dugda' (milk), Odanam (Rice) Tila etc then the couple should meet to have a child.

The Lady after three days of Rajaswala (Mences), the husband wife in order to get Male child should meet on Samadivasa - equal Days' Those are 4th, 6th, 10th, 12th 14th and 16th (Leaving 8th Day) and simitarly 'Tithi' (date) also should be 2nd, 4th, 6th, 10th, 12th, 14th (Leaving 8th). For desirous of female child Visham Days unequal days i.e. 5th, 7th, 9th, 11th, 13th and 15th.

For desirous of Male child - Male fruits such as - Almond, Mango, Anar - Pomegarnade, Bannana etc and for getting Female - child, Mausami, Lichi should eat.

It is stated in Mahabharata, when Abimanyu was in the born of his mother 'subhadra, his father narrated her how to break the Chakravayooha. When ARJUN was telling her, how to came out of the Chakravayooha, she slept. So, Abhimanyu break out circle of Chakravayooha, but he could not get the knowledge how to come out. So, he was killed by his opponents. The people of ten ask the pregnant women to read religious books;which leave a casting effect on their child. Similar is the care of Shukadeva, who perceived the knowledge of Devibhagawat does not want to come out of his mother wom. So, the Gharbhana Sanskara leave a lasting effect on the child. If one is quite cautious, the senses of the gender will develop in its right way.

ll. Punwan Samaskaratr (पुंसवनाम्)

The samaskarah is performed after completion of the 7th month of the child in the bom of the mother and in the beginning of 8th Month' The pregnant woment bears new beautiful clothes, ornaments. The worshop of Kuldeva or Kuldevi, Ganesh and other Navagrah is performed. The Ladies sing ritual songs. The atmosphere is quite hearthy and relatives, friends, kith and kins give bressings and congraturations. This sanskar put a everlasting effect on the mental and physical growth. The movement and thrill of the child is judged by the mother. In a suble manner, the senses of the chid activate in a particular right direction.The signs of vir-s in corporate automatically on the child.

MANTONAYANAM (सीमत्तेनयनम्)

This samskarah is performed at the time of birth of the child. ding to Muhoorata of the child birth, the honey in a golden ON is given to the child. The water boiled with different icines is given to the mother. on the 5th day the mother and e child both are given a bath. Again on 11th days and 21th both were given bath. Good eatables and dry fruits are given.

JATAKARMAH (जातकर्म)

The worship of Kuldeva or Kurdevi Lord Ganesh is performed, the mother and the child were beautiful clothes and sweet eatables and dry fruits are given to them.

NAMKARNHAM (नामकरणम्)

This **Sanskarah** is performed according to Akhara of **Janamanakshtra** (Birth Horroscope) of the child by his parents and family members. Many great items - such as singing, chant-

ing, dancing etc. programmes are also performed. This Samskarah has a lasting effect in the deeds of the child.

NISHKRAMANAM (निष्क्रमणम्)

At this time, according to stars at the time of both of the child, NISHKMMANAM SANSKARAH is performed. The mother with the child go to her parents outside the home. So that the climate is changed. Mother and the child may feel some charge in mind and feel Pleasure.

AN N AP RA H AN AM (अन्नप्रागनम्)

This Sanakarah is performed in 9th or 10th month of the chird according to Good Muhoorali. The worship of shri Ganesha and Kuldevta is also performed. **Hanankriya** is also performed. The child given liquid food. The relatives, friends, kith and kin were also served delicious food and eatables. There was a atmosphere of happiness all around. This has also a great effect in physical mental balanced growth of the child.

KARANHAVEDHA (कर्णवेधः)

This 'Samskara', is also performed by the parents. The ear of the child are penetrated. By doing so, the blood circular of **Karnhikanadi** becomes regular without any inner obstacle. The gender is given beautiful ornaments to bear in the ears' This also adds to the internal thinking and external beauty of the child.

UPANAYANAM (उपनयनम्)

The 'Sanskarah' is performed during the 5th or 8th year of the gender.The Guru performed this Samskarah. The Guru examin the child in various ways. He confirms weather the child is desirous of knowledge only them he accepts the child.

Gharbhadashtame Varshe Kurveet Brahmnamsya Upanayanami Gharbhad-Dwadashe Ranjnoh Gharbhastu Dwadasho Vishah.

गर्भादष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योनयनम्।
गर्भादेवद्वादशे राज्ञो गर्भास्तु द्वादश विशः॥

It means that Upanayanam Sankar may be performed in the 8th year. Kashtriva child's **Upanayan Sanskarah** may be performed in the 11th year. Vaishya childs, Sanskara may be performed in the 12th Year.

Upanayana sanskarah of Brahma child in **Vasanaritu** (Spring session), Kshatri child's Upanayan sanskarah is performed during **Greshamritu (Summer Season)**. Vaisha child in **Shararitu** (Autum). There was no compursory instruction for other to perform this Sanskarah. If they want to perform, they can also perform at the age of 5 years.

The Guru take the whole responsibility of the child as the mother take care of the child in her born. He takes care of the child to develop all around development of the child.The pupil performs all the households duties.

The child, serve the cows, begging, choosing of flowers, collecting fual etc. The child become a member of Guru's family.

The Ashrana are established at the bank of river and in the forest, where climate is cool, clear and healthy. Where, vegetables and fruits are available. So, the atmosphere is quite calm, cool, pious for the physical mental and spiritual development of the child.

The Acharyas were very learned, well character' self realized by living with such Acharyas' the child learn from his routine activities silently also.

VEDARAMBHAH (वेदारम्भः)

Her Upanayan Sanskarah and initiation (Deekisha) by Gayatri Mantra. The child is made aware of Akshara Jnyanam. Then by KanthasthiVidhi oral method the Knowledge of Vedas is given to child. First Guru himself Chant Vedamatrah then the child follows him' The ParaYanam method is followed.

KESHANTAH (केशान्तः)

This ceremony is performed either in the first year or 3rd year or 5th year. The Keshah (Hair) were removed according to Muhoorata (Stars) of the child. The worship of Kuldeva, Shri Ganesha, Navaghah is performed alongwith Hawan. The child is given new clothes to bear. All the relatives, friends, kith and Kins were invited and given food eatables etc' This gives delight to the child.

SAMAVARTANAM (समावर्तनम्)

The child usually live for twelve years in the Gurukula. He studies VedaVedangas and other Shastras. At the end **Samavartan Sanskartan** is performed. Guru advies to his pupils.

सत्यं वद। धर्मं चर।
स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रिय
धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यच्छेत्सी।
सत्यान्न प्रमदितव्यम्। धर्मान्न प्रमदितव्यम्।
भूत्यैः न प्रमदितव्यम्। स्वाध्याय
प्रवचाभ्यां न प्रमदितव्यम्। देव
पितृकार्याभ्यां न प्रमदितत्वम्।
मातृ देवो भव। पितृ देवो भव।

आचार्य देवो भव। अतिथि देवो भव।
यान्यनवद्यानि कर्माणि
तनि सेवितव्यानि नो इतराणि।
यान्यस्माकं सूचरितानि तानि त्वयो-
पास्यानि नो इतराणि। ये के
चास्मच्छ्रेयाः सो ब्रह्ममणः
स्यु। तेषां त्वयाऽऽसनेन प्रश्वसितव्यम्।
श्रद्धया देयम्।
अश्रद्धया न देयम्। श्रिया देयम्।
भिया देयम्। संविदा देयम्।

अब यदि ते कर्म विचिकित्सा वा वृत्तिविचिकत्सा वा स्यात्, ते तत्र ब्राह्मणाः समदर्शिनः स्युः। युवतायुक्ताः। अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते वर्तेरन् तथा तत्र वर्तथा। एषः आदेश। एषः उपदेशः एष वेदोपनिषद्। एतत् अनुशासनम्। एवम् उपासितव्यम्। एवम् चेदुपास्यम्।

After Vedic period, Samavartanam sanskarah is being celebrated as convocation Function. Dr. Radhakumuda Mukarjee has certified that samavartan is called Convation. This is also prevailing in modern universities now-a-days.

By performing this, the seeds of behavior is deeply rooted in the child's mind. He is given the whole responsibility of other citizen come across in his life' He has to follow strict discipline a[the times and everywhere. He is advised to carry out his studies and Lecturing through out his life. Consider parents, teacher and guest on your God. lf any body who is elder in age, knowledge intellect, give him seat and respect him.

As such this Sanskarah has a great impact on the gender and his senses develop to the positive direction. He thinks of betterment of the humanity.

PANHIGRAHANAM (पाणिग्रहणम्)

This 'Samskara' is celebrated by the all people. ' By this the hereditv remain safe and sound. This is performed after attaining youthhood of Male and Female. After matching Horoscope, this ceremony is performed. By worshiping the marriage ceremony is performed, Both become couple. They are fastened as one unit to run the life smoothly and perfectly. The seeds of the faith tolerance and oneness are rooted in the couple by Mantras.

BRATAS ADHYADANAK (व्रतसाध्यापनम्)

At the age of 60 (sixty), there was a narration to perform Vanaprastha by the couple. But now-a-days ther was no such case.

SUDHADHANAM (शोधाधानम्)

This 'Samskarah' is also called ANTYESHTI (अन्त्येष्टि) which is pet formed at the time of death so that the departuring should be get peace and harmony with Pitras or unite with the God.

To conclude, "**Shodasha Sanskaras**" play a great role in the development of senses of the gender. Such children do great and heroic deeds and remain vigilant towards their thinking action and speech. The gender thinking, emotions, thrills develop in positive direction. The main aim of education i.e. all around developments i.e. physical, mental, social, moral and spiritual automatical made in child in a subtle manner. He/She becomes a great in the country at National Level and sometimes at lnternational level. He/she contribute a lot for the upliftment of human race and other creations of the universe. His name and female live for hundred of years on the earth.

Reference Books

1. हिन्दू संस्कार - राजवली पाण्डेय
2. संस्कृति - राधारी सिंह दिनकर
3. धर्म ग्रन्थों का इतिहास - पी.वी.काणे
4. कर्मठगुरु
5. ऋग्वेद
6. तैत्तरीय संहिता।
7. तैत्तरीय संहिता।
8. मनुस्मृतिः
9. याज्ञवाल्वयस्मृति
10. Sociological Foundation of Educatic. Radha Kumud Mukarjee.

लिङ्ग संवेदीकरण के सन्दर्भ में प्राचीन भारतीय शिक्षा

नवल ठाकुर

अनादि काल से मानवसृष्टि प्रधान रूप से दो वर्गों में विभक्त है– स्त्री और पुरुष। प्रकृति ने स्पष्ट ही शारीरिक दृष्टि से और मानसिक दृष्टि से भी दोनों की रचना भिन्न-भिन्न प्रकार से की है। इन भिन्नताओं के होते हुए भी प्रकृति ने स्त्री और पुरुष को एक-दूसरे का पूरक बनाया है। एक के बिना दूसरा अपूर्ण व अधूरा ही रहता है। वैदिक साहित्य में अनेक ऐसे उल्लेख और प्रमाण प्राप्त होते हैं जो इस बात को सिद्ध करते हैं कि इस काल में पुरुषों की तरह स्त्रियाँ भी विद्या में रुचि रखने वाली विदुषियाँ हुआ करती थीं तथा उन्हें भी शिक्षा की वे ही सुविधाएँ प्राप्त थी, जो उनके भाईयों को प्राप्त था। इन्हें भी वेद पढ़ने का अधिकार था तथा इनके भी उपनयन संस्कार होते थे। ऋग्वेद में बीस कवयित्रियों की रचनाएँ संगृहीत है, जिन्होंने सूक्तों की रचना की, ये स्त्री ऋषिकाएँ हैं– विश्ववारा, घोषा, लोपामुद्रा, वागाम्भृणी, गार्गी इत्यादि। इनमें से अन्तिम (अम्भृण नामक महर्षि की पुत्री वाक्) का परिचय सायण 'ब्रह्मविदुषी' के रूप में देते हैं (यथा- 1. मया सो अन्नमस्ति यो विपश्येति यः प्राणिति य ई शृणोत्युक्तम्। अमन्तवो मां त उप क्षियन्ति श्रुधि श्रुतं श्राद्धिवं ते वदामि-ऋ. x/125/4)[1]। अथर्ववेद में स्पष्ट उल्लेख है कि परिवार में पुत्रियों को ब्रह्मचर्य पालन की सुविधा थी। (अथर्ववेद-xi/5/18)[2]

इसके अतिरिक्त प्राचीन भारतीय साहित्य में ऐसे वाक्य प्राप्त होते हैं जो समाज में स्त्री की स्थिति का बताता है। ऋग्वेद– जायेदस्तम्

(III-35/4) अर्थात् जाया ही घर है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार– गृहा: वै पत्न्यै प्रतिष्ठा:। महाभारत में भी कहा गया है– न गृहं गृहमित्याहु: गृहिणी गृहमुच्यते (शान्ति पर्व 114/6)। मनु के अनुसार– 'स्त्रियश्च श्रियश्च गेहेषु न विशेषोऽस्ति कश्चन' (IV 26) । यही भाव तैत्तिरीय ब्राह्मण का है– श्रिया वा एतद्रूपं यत्पत्न्य: (III 8/4). स्त्री को पुरुष का अर्धांग बताते हुए शतपथ ब्राह्मण कहता है– अर्धो ह वा एष आत्मनो यज्जाया तस्माद् यावज्जायां न विन्दते नैव तावत्प्रजायते असर्वो हितावद् भवति (V2/1/10)। तैत्तिरीय संहिता– अर्धो ह वा एष आत्मनो यत्पत्नी (VI-1/8/5), महाभारत में भी– "अर्धांभार्या मनुष्यस्य भार्या श्रेष्ठतम: सखा। भार्या मूलं त्रिवर्गस्य भार्या मूलं तरिष्यत: (आदिपर्व- 74/40), कालिदास के अनुसार– गृहिणी सचिव: सखी मिथ: प्रिय शिष्या ललिते कलाविधौ (रघुवंश VIII 67), मनु ने भी कहा– यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: - मनुस्मृति III-56)। इस प्रकार प्राचीन काल में पुरुषों के समान ही महिलाओं (स्त्रियों) को भी समान स्थान प्राप्त था।

सूत्र काल में आकर स्त्रियों की स्थिति में गिरावट आई जहाँ स्त्रियों को उपनयन का अनाधिकारी और वेदाध्ययन के अयोग्य घोषित करने लगे थे। धर्मसूत्र (वसिष्ठ)– "स्त्रीशूद्रौ नाधीयाताम्"। शबरस्वामी ने स्त्रियों को यज्ञ का अधिकार तो दिया लेकिन मन्त्रोच्चारण का नहीं। मनु ने शरीर की शुद्धि के लिये स्त्रियों को संस्कार का भी विधान किया गया किन्तु उनमें वैदिक मन्त्रें के प्रयोग का निषेध कर दिया।

विदुषी पुत्री की कामना वाले पिता के लिए एक कर्म-विशेष का विधान बृहदारण्यकोपनिषद् में है।[3] इसी उपनिषद् में जनक की विद्वद्गोष्ठी में गार्गी नामक परम विदुषी का वर्णन है जो कि प्रकाण्डविद्वान् याज्ञवल्क्य को भी अपने प्रश्नोत्तर से उलझन में डाल दी है। इसी उपनिषद् में याज्ञवल्क्य की दो पत्नियों (मैत्रेयी तथा कात्यायनी) का वर्णन है जिनमें से मैत्रेयी घर छोड़कर परिव्राजक बनने की तैयारी में

(पत्नियों के बीच) बंटवारा करने का प्रस्ताव करने वाले पति से कहती है कि उससे धनादि से मोह नहीं है, वह तो केवल ज्ञान की उपासना करना चाहती है।[4] जैसे कि उस काल में पुरुष करते थे।

जिस प्रकार से वैदिक काल में स्त्रियों को भी वेद पढ़ने का अधिकार था, उसी प्रकार से उन्हें यज्ञ करने का भी अधिकार प्राप्त था। यह अष्टाध्यायी- IV-1/33 । इसके अतिरिक्त 'योषितो यज्ञिया इमाः' अथर्ववेद एवं पत्नी कर्मेव एते अत्र कुर्वन्ति यदुद्गातारः (शथपथ ब्राह्मण– 14-3-1-35) स्त्रियों के यज्ञ करने के अधिकार को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करते हैं। कात्यायन श्रौतसूत्र (स्त्री चाविशेषात्) बताता है कि जैसे- मेखला से यजमान को (यज्ञ के लिए) दीक्षित करते हैं वैसे ही योक्त्र से यजमान-पत्नी को किया जाता है। इससे सिद्ध होता है कि यज्ञ का अधिकार दोनों को समान रूप से है।

गोभिल गृह्यसूत्र[5] स्त्रियों के पुरुषों की तरह यज्ञोपवीत का निर्देश करता है। अध्ययन पूरा करने के बाद स्त्रियों का भी 'समावर्तन संस्कार' होता था। किन्तु बाद में स्त्रियों की शिक्षा घर पर ही पिता, चाचा या भाई के द्वारा दिये जाने का प्रावधान किया गया तथा वे घर में ही भैक्षचर्या किया करें (पुराकल्पे तु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते। अध्यापनं च वेदानां सावित्रीवाचनं तथा। पिता पितृव्यो भ्राता वा नैनामध्यापयेत्परः स्वगृहे चैव कन्याया भैक्षचर्या विधीयते)। पारसी अथवा जरदुस्त्र धर्म के अनुयायियों में आज तक भी बालिकाओं का नवजो संस्कार किया जाता है। धर्मसूत्र ब्रह्मचर्य के बाद (पुरुषों की तरह) स्त्रियों के लिए भी दोनों प्रकार के विकल्प देते हैं– चाहे वे विवाह करके गृहस्थ धर्म का पालन करें और चाहे जीवन भर ब्रह्मचर्य का ही पालन करती रहे। ब्रह्मचर्य के बाद विवाह करने वाली स्त्रियाँ 'सद्योवधू' कही गई हैं और दूसरी ब्रह्मवादिनी। (तत्र ब्रह्मवादिनीनाम् उपनयनम् अग्नीन्धनम् वेदाध्ययनम् स्वगृहे च भिक्षाचर्येति)–हारीत।

रामायण तथा महाभारत के समय में भी स्त्रियों की शिक्षा का समाज में व्यापक चलन दिखाई पड़ता है। रामायण में किसी नारी पात्र के यज्ञोपवीत संस्कार तथा ब्रह्मचर्य पालन का साक्षात् उल्लेख नहीं मिलता तथापि अवान्तर वर्णनों से यह प्रतीत होता है कि वैदिक काल की तरह रामायण काल में भी स्त्रियों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था थी। स्त्रियाँ नित्य कर्म में सन्ध्या तथा देवों और पितरों की अर्चना करती थीं, अपने मृत पुत्र अथवा पति के लिए उदक क्रिया अथवा श्राद्ध करती थीं। यज्ञ में पति के साथ साहचर्य करती थीं, मंत्रोच्चारणपूर्वक यात्रा करने पर जाने वाले पति अथवा पुत्र के लिए स्वस्त्ययन वाचन करती थीं। सन्तान प्राप्ति के लिए व्रत, उपवास तथा नियमों का पालन करती थीं तथा अपने पति के साथ वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश कर नाना प्रकार के तप तथा यज्ञ करती थीं और ब्रह्मवादिनियों के रूप में आजन्म ब्रह्मचर्य का पालन करती थीं। कौशल्या, कैकेयी, सीता, अरुन्धती आदि पात्रों के चरित्र भी इसी बात को प्रमाणित करते हैं कि इन्हें धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ राजधर्म, युद्ध विद्या तथा कला की शिक्षा भी प्राप्त हुई थी।

महाभारत में कुन्ती, गांधारी, द्रौपदी, उत्तरा आदि अनेक सुशिक्षिता नारियों का परिचय प्राप्त होता है (महाभारत के आख्यानों में तो सावित्री, दमयन्ती, शकुन्तला आदि और भी अनेक शिक्षा सम्पन्न नारी पात्र थीं)। द्रौपदी ने एक आचार्य से घर में ही बार्हस्पत्य राजधर्म का ज्ञान प्राप्त किया तथा उत्तरा ने वृहन्नला रूपधारी अर्जुन से गीत, नृत्य तथा वाद्य की शिक्षा ली थी। सुलभा के उदाहरण से प्रतीत होता है कि यहाँ भी स्त्रियों के लिए आजन्म ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए आध्यात्मिक ज्ञान अथवा मोक्ष विद्या प्राप्त कर सकती थी।

पतञ्जलि 'उपाध्यायानी' तथा 'उपाध्याया' शब्दों का उल्लेख करते हैं। इनमें से 'उपाध्यायानी' उपाध्याय की पत्नी के लिए प्रयुक्त होता था किन्तु 'उपाध्याया' उस स्त्री के लिए प्रयोग किया जाता था जो अध्यापन-कार्य करती थीं। पाणिनि ने छात्राशालाओं अर्थात् बालिकाओं के

लिये शिक्षा की पृथक् संस्था का उल्लेख किया है। रामायण में भी स्त्री-तपस्विनियों के लिये अलग आश्रम का उल्लेख है, जहाँ कि परित्यक्ता सीता को रखा था। इन आश्रम में अध्यापन बड़ी आयु की विदुषी स्त्रियों के द्वारा किया जाता था, जिन्हें उपाध्याया कहते थे।

बालक-बालिकाओं के एक साथ पढ़ने का उल्लेख उत्तरवर्ती साहित्य में भी उपलब्ध होते हैं। भवभूति के मालती-माधव में कामन्दकी की शिक्षा-दीक्षा भूरिवसु तथा देवराट के साथ एक ही आचार्य के पास हुई थी तथा उत्तररामचरित में आत्रेयी कुश और लव के साथ वाल्मीकि से शिक्षा प्राप्त करती हुई कही गई है। शुक्राचार्य की पुत्र देवयानी का कच के साथ तथा आचार्य गौतम की पुत्री का उत्तंक के साथ अध्ययन का वर्णन प्राप्त होता है। पतञ्जलि 'आपिशाला' तथा 'कोश-कृत्स्वा' शब्दों का भी उल्लेख करते हैं जो क्रमश: आपिशलि की व्याकरण तथा काशकृत्स्न के मीमांसा-ग्रन्थ की अध्ययन करने वाली स्त्रियों के लिये प्रयुक्त होते थे।[6]

जैन तथा बौद्ध साहित्य में स्त्रियों की शिक्षा के विषय में थोड़ी जानकारी मिलती है। भगवती सूत्र नामक जैन ग्रन्थ में कौशाम्बी की राजकुमारी जयन्ती का उल्लेख है जिसने वर्द्धमान महावीर के साथ वाद-विवाद किया था। जैन तथा बौद्ध दोनों की धर्मों में स्त्रियों को भी दीक्षा लेने का अधिकार दिया गया था तथा उनकी शिक्षा की भी समुचित व्यवस्था होती थी। बौद्ध बेरीगाथाओं की रचना 33 अविवाहित स्त्रियों तथा 18 विवाहित स्त्रियों के द्वारा की गई। भिक्षुणी खेमा का नाम प्राचीन बौद्ध साहित्य में आता है जो कि परम विदुषी थी, जिससे कोशलाधिपति प्रसेनजित् स्वयं उनसे मिलने गये थे। इसके अतिरिक्त जातकों में अमरा एवं उदुम्बरा नाम की विदुषी स्त्रियों का उल्लेख आता है। नालन्दा विश्वविद्यालय में स्त्रियों के लिये पृथक् विहार की व्यवस्था थी। जैन तथा बौद्ध दोनों ही धर्मों में स्त्रियों को आजन्म संन्यासी जीवन बिताने की छूट थी।[7]

(अमंत्रिका तु कार्येण स्त्रीणामावृदशेषतः। संस्कारार्थं शरीरस्य यथाकालं यथाक्रमम् (II-66) । स्त्री को द्विजत्व की प्राप्ति के लिये विवाह-संस्कार को उपनयन का स्थानापन्न स्वीकार कर लिया गया। विवाह के अनन्तर पति की सेवा करना गुरुकुल में निवास के तुल्य माना जाएगा तथा घर का काम-काज करना (ब्रह्मचारी के) आचार्य की अग्नि की सेवा करने के बराबर समझा जायेगा। (वैवाहिक विधिः स्त्रीणां संस्कारों वैदिकः स्मृतः) पतिसेवा-गुरौ वासो गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया-II 67)। वैदिक काल में ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर ही युवावस्था में स्नातक-स्नातिकाओं के का प्रचलन था किन्तु प्रथम शताब्दी के आस-पास स्त्रियों की विवाह की आयु घटा दी गई। इस प्रकार स्त्रियों के साथ भेदभाव हम लोगों के सामने आया किन्तु प्राचीन भारतीय समाज लिङ्ग संवेदीकरण के प्रति सजग थे।

(Footnotes)

1. ऋग्वेद– X/125/4
2. अथर्ववेद–XI/5/18 ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्।
3. अथं य इच्देद्दुहिता मे पण्डिता जायेत– बृहदारण्यकोपनिषद्- VI/4/17
4. येनाहं नामृता स्यां कियहं तेन (अतिप्रभूतेनापि विन्तेन) कुर्याम्। यदेव भगवान्वेद तदेव मे ब्रूहीति– बृहदारग्यकोपनिषद्- II/4/3
5. प्रावृतां यज्ञोपवीतिनीमभ्युदानयम् जपेत् सोमोऽददद्गन्धवार्येति–गो०गृ०-2-1-19.
6. Dr. R.A. Sharma– A Socio-Political Study of the Valmiki Ramayan.
7. सुखमय, भट्टाचार्य–महाभारतकालीन समाज

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः-

1. शर्मा, उमाशंकर(2010): संस्कृत साहित्य का इतिहास, चौखम्बा प्रकाशन
2. उपाध्याय, बलदेव (2005): संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, चौखम्बा प्रकाशन
3. उपाध्याय,रामजी (2002):भारत की संस्कृति-साधना

4. अतलेकर,अनन्त सदाशिव (1998) : प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति, शारदा प्रकाशन

5. आचार्य, दीपशंकर : कौटिल्यकालीन भारत, विश्वविद्यालय प्रकाशन

6. भट्टाचार्य, सुखमय : महाभारत कालीन समाज, चौखम्बा प्रकाशन

Our Schools should be the workshop for Gender Sensitization

Jitender Kumar

Abstract

The socialization of gender is reinforced at school,"Because classrooms are microcosms of society showing its strengths and hills alike, it follows that the normal socialisation patterns of young children that often lead to distorted perceptions of gender roles are reflected in the classrooms, Yet gender bias in education reaches beyond socialization patterns, bias is embedded in textbooks, lessons and teacher interactions with students. This type of gender bias is part of the hidden curriculum of lessons taught implicitly to students through the everyday functioning of their classroom.

The awareness of gender within our schools assures that girls are made aware that they are unequal to boys. Every time students are seated or lined up by gender, teachers are affirming that girls and boys should be treated differently. When an administrator ignores an act of sexual harassment, he or she is allowing the degradation of girls. When different behaviours are tolerated for boys than for girls because 'boys will be boy' schools are perpetuating the oppression of females. There is some evidence that girls are becoming more academically successful than boys, however examination of the classroom shows that girls and boys continue to be socialised in ways that work against gender equity.

Teachers enlighten girls towards a feminine ideal. Girls are praised for being neat, quiet and calm,whereas boys are encouraged to think independently, be active and speak up. Girls are socialised in schools to recognize popularity as being important and learn that educational performance and ability are not as important. "Girls in grades six and seven rate being popular and well liked as more important than being perceived as competent or independent. Boys, on the other hand, are more likely to rank independence and competence as more important.

Parents attitude towards gender sensitivity on discrimination among school students, while teachers attitude and that of government were not significant in contributing to cases of gender sensitivity among students. Recommendations were also made. This paper will be significant to teachers, cousellors and the general public in sensitizing parents on issues regarding gender sensitivity so as to guide them on fair and equal treatment among their children or wards in order to curb discrimination among secondary school students.

INTRODUCTION

Is it the same India where women are worshipped as goddesses? In our culture the figure of Ardhnarishwara or half man and half woman is revered and worshipped. The Ardhnarishwara, in a way is a symbol of equality of the sexes, of the fact that both sexes are equally significant and none is less than the other. This is our culture that treats both sexes as equals. However, we, who take pride in our rich heritage and in the culture of revering womanhood, are slipping into the morass of depravity. All doesn't seem well in man's paradise.

In view of the increasing role of women in public life and the efforts of the government in the direction of universalisation of

education, the question of gender sensitization has assumed greater importance. Most Schools have become co-educational these days where boys and girls interact with students and teachers of the opposite sex. The physical proximity of the girls and boys has made interaction free and unrestrained. Reports of gender discrimination, sexual harassment, and other forms of sexually objectionable behaviour are quite common in Indian educational institutions. Numerous reasons can be forwarded behind such behaviour. We have to see the larger picture if we want to address this issue. Gender discrimination cannot be treated in isolation as it has its roots in deeper problems, which plague our society.

The Indian society is still in the process of modernisation where sections of the population continue to have traditional mindsets. The traditional Indian thinking considers males as superior to females and there are plenty of examples to show that young girls are discriminated against at home. Statistical evidence shows that boys in India have three times greater possibility of being taken to the hospital in case of a serious ailment. In many poor Indian houses males are fed first and the left over are eaten by the females. The dropout rate in Schools is much higher in case of girls. The scenario is even more grim in rural India where parents prefer to send the boy child to school and keep the girl child at home to assist in household work or to work in any other income-generating activity. This discrimination at home weakens the personality of women in general and they look upon themselves as inferior to men right from childhood. At the same time, boys are made to believe that they are inherently superior to females. Most boys and girls attend schools loaded with this mental baggage. The indoctrination received at home compounded by the already existing social differentiation between males and females give rise to attitudes in the male folk, which are far from egalitarian. Though our constitution clearly proclaims equality of

men and women in all spheres of public and private life yet it is not so in practice. Among the vast sections of the population groveling in illiteracy, concepts like gender equality are unheard of. Even in the so-called modern and affluent Indian houses gender discrimination may be discernible in some form or the other. Unless the economic standard of the country improves, girls may continue to be considered as burden of the family and gender sensitization may remain elusive. However, greater stress on education of females especially in rural India will definitely reduce the gender gap as education equips a person with courage to fight against discrimination.

Statistics reveal that work done by women not valued properly especially house hold work. Women perform 2/3rd of the world's work and they earn the 1/10th of the world's income and women own less than the 1/100th of the world's property. Statistics also reveal that there are 65.5% literate women in India as compared to 82.1% males. 26.1% of women form the workforce in rural India as compared to 54.7% of men. The average salary of women in rural areas in 2009-10 was Rs.155.87 and that of the men was Rs.249.15. A total of 24,270 cases of crime against women were reported in India in 2011. The recent rape case of Nirbhaya has yet again revealed the sorry state of women in our modern society.

SCHOOL AND GENDER SENSITIZATION

Schools have to be more vigilant and careful in providing good-quality education and should provide proper care to the child. Only then can we expect children to grow strong academically, physically and morally. Schools should provide sufficient scope for engaging the child's mind in various pursuits beyond the pale of academics so that their abundant energies may be diverted

is needed for both the aspects, individual and social. Higher education helps individual to enhance their confidence, self efficiency, to solve any kind of problems successfully for the benefit of their family, society or for the country as a whole. It can also help to contribute very directly to economic growth and productivity in a country. Historical context

In the Vedic period of ancient India, education was open equally to men and women, many females distinguished themselves not only as Vedic scholar but also as great philosopher and teacher. Vedic literature praises the birth of a scholarly daughter in these words: "A girl also should be brought up and educated with great effort and care" (Mahanirvana Tantra). There are several references in the epics, smrities and puranas, where women enjoyed an elevated status in society. It is also interesting that girls like boys underwent the upanayana ceremony before entire in the Gurukul education system in ancient India. As per record in Sarvamukramika there were 20 women authors of Rigveda. The mention of female scholars and sages of the vedic age like Gargi, Sulabha, Lopamudra, Maitrai, Apala, Vishivavare, Sikata, Ghosha etc.

Women's education during the medieval period suffered a lot. Historically, the medieval period is an attributed as the ,,dark age for women in India. Even in the Islam religion books had nothing to say about women's education and in that time marketable and madrasas had no women scholars. Women's education in mediaeval India was restricted among the Muslim women due to religion.

In the 18th century was highly sympathetic towards the exploited position of Indian women s because during the time the condition of women in British ruled India was deplorable. Women's

education was also neglected in British India and very few women did acquire education specially who belong to the upper caste.

In the last of 18th century British Government took the responsibility of educating women. The most significant achievement of the period was a girls school started for the first time in Bombay in 1824. The Calcutta, Bombay and Madras Universities did not permit admission of girls up to 1875. After 1882 girls were allowed to go for higher education. During British Period there were two major movements which affected the position of women. There were the Social Reform Movement of the nineteenth century and the National Movement of the twentieth century. In short, during the phase prior to independence, an awareness of the need to remove social disabilities of women was created, the doors of education were ope[illegible]m.

maximum number of wom[illegible]blished in the period of 2011- 12 it was 4[illegible] colleges (12.90%) were established in re[illegible]establishment in the period of 1980-81. A[illegible]nen's colleges were established in West Be[illegible]980-81 it was 8., in West Bengal 22 college[illegible]ore 1970. Out of 11,721 women's colleges of India, which were established within the year of 1970-71 to 2011-12 Just 21 colleges were established in West Bengal.

The University Grants Commission (UGC) report 2011-12 reveals that out of 203.27 lakhs (provisional) students enrolled in various courses at all levels in university/colleges & other institutions of higher education. Out of 203.27 lakhs, 86.72 lakhs has been women students, constituting 42.66percent in respect of total enrollment.

All India Survey of Higher Education, MHRD 2011. in India in the year of 2010-11, 2011-12 and 2012-13 the total number of teachers in responding institutions, more than 60% are male teachers and 37% are female teacher. Above table also shows that the lowest gender proportion of the teaching faculty of higher education is recorded in Bihar and second lowest is Arunachal Pradesh. West Bengal, Odisha, Jharjhand has only 30%, approximately female staff of the total teachers available in the states, in both the session 2009-2010 and 2010-2011 female student enrolment is higher than male student enrolment. In the same session male student enrolment in PG level only in the faculty of arts and law is higher than female student enrolment. In case of UG level women enrolment has been increasing in the session 2010-11 in comprise to the session 2009-10 only in the faculty of arts, but in all other cases it is in decreasing trend than the previous session. And it is very surprising that in case of PG level in both the session of women enrolment is more or less in equal position.

India occupied 3rd largest education system in the world, but only four states (Goa, Kerala, Meghalaya, Himachal Pradesh) and 4 UTs (Daman, Diu, A&N Island, Pondicherry, & Chandigarh) have been crossed the 50% women enrolment in respect of total enrolment. West Bengal with the population of 91 million is the fourth largest state in India and seventh largest subnational entity in the world, but it has occupied 27 th ranks among the states / UTs ranking. Various Plans & policies have been formulated by our Government for women in Higher Education

Coaching Facility: To provide equal opportunity for all students UGC have been taken the policy of Establishment of residential coaching Academy for SC/ST/Minority and Women in universities and colleges. i) To run coaching schemes for students at UG/PG level. ii) Coaching schemes make available for stu-

dents to prepare for NET and SET. iii) To give career related coaching for students for entry into services conducted by central and state government. iv) To provide Coaching for all India and state civil service examinations and UG/PG level examinations.

Scholarship Schemes: Indira Gandhi National scholarship scheme is provided for single girl child for pursue both higher and technical education. Post Doctoral fellowship is offered for SC/ ST/ Minority and Women students.

Hostels Facility: In the XI the five year plan, UGC has been allotted funds to Construction of women's hostels for colleges.

Capacity building for Women Managers in Higher Education: The goal of the policy is to increase the participation of women in higher education management, including faculty, administration and staff for better gender balance and to sensitize the higher education system with quality development.

During XI plan, some approaches are being taken i) To offer training programs to focus on increasing gender sensitivity issues in respect of women managers. ii) To provide some facility for women s movement

Findings: 1. Out of 11,721 women's colleges only 21 colleges were established in West Bengal. 2. According to report of higher education department of West Bengal Total women's colleges in West Bengal ware 55. Out of 55 colleges 34 women's colleges are established before 1971. 3. The lowest gender proportion of the teaching faculty of higher education in Bihar, Andhra Pradesh, Odisa and West Bengal are followed. 4. In India few women opt for science & commerce streams. 5. In most of the cases it is shown that in both undergraduate & post graduate level women enrolment is lower than boys. 6. In India out of 29 states

& 6 union territories only 8 states & UT s cross 50% women enrolment in respect of total enrolment in higher education. 7. According to UGC Annual Report, it shows that West Bengal gets 27 th position in the ranking of state and UT wise women enrolment. Some suggestions for reducing the gender gap in higher education 1. In school, teachers should create interest in science subject in the school level. 2. Appointment of female teachers in higher education. 3. Requirement of women hostel not only for backward classes, but also for BPL holder general class women. 4. Arrangement of Scholarships for rank hold girls in various disciplines should provide which helps them as well as to motivate society. 5. In colleges & Universities, teaching method should be implemented by grouping together students of the same standard or maturity levels & encouraging group discussion under supervision of an experienced person. 6. Inclusion of various courses, both regular and distance mode like fine arts, fashion designing, costume designing, text tile designing, relating to women, which can help to reduce gender disparity in higher education in India. 7. To provide need based job oriented courses for women. 8. Women higher education policies need to take by our government. 9. The university should encourage students to do research work regarding women's issues. 10. UGC should provide research associate ship in every year for women. Conclusion: Today gender issues are getting more attention. After above discussion, it can be concludes that there is a gender gap in the enrolment of men students as compared to women student in our country as well as in West Bengal. If this gap is not being reduced not only India but also the globe will be facing a big problem because higher education of women plays a crucial role to manifest their inner and outer potentiality, which can make them more efficient to chess challenges of ever changing society. In India, our government takes various plans and policies to reduce the gender gap at

the level of higher education, but those are not sufficient to cope up with the problems of gender inequality. Plans and policy formulation is not a last thing its implementation is very much necessary. As a result of rapid growth of population, growth of students has been founded on the education system of our country, It is increased from 9.4 million students of the year 1990 to 15 million students of the year 2007 but ratio of student and institution have been decreased. A clean link should be established by the central government with state government to achieve the gender equity through established more institutions and also execute plans and policies related to higher education. Now in respect of this situation women should get some opportunities from enrolment to completion of their courses in higher education because it not only plays a significant role to empower women, but also in engaging self esteem, confidence and equal participation in all work of life.

References:

Bal, Vineeta. (2004, 7 August). Women Scientists in India: Nowhere Near the Glass Ceiling, Economic and Political Weekly, pp.47-53.

Begum, Mehartaj, Syed. (2010). Women Empowerment through Higher Education. University News, 48(43), 25

C, Nongbri. (2005). Role of Universities in the Empowerment of Women – A look into the Induction Programmes. University News, 43(47), 21-27.

Joshi,K.M., Ahir,Vjay.Kinjal. (2013). Indian Higher education: Some Reflections, Intelektine ekonomika Intellectual Economics, 7(15), 42-53.

Kadam, Laxman Nandkumar. (2012), Growth and Development of Higher Education in India: A Hiatorical and Stastical

Review, Indian Streams Research Journal, 2(10).

Singh, S.B., Sanjai, S. Rathore., Alka, Singh. (2005), Development of Entrepreneurs in India: The Role of Universities, University News, 43(24), 13-19. Ï%Srivastava, Gouri. Women's Higher Education in the19th Century, New Delhi Concept Publishing Company.

Srivastava, Nalini. (2005), Empowerment of Women through Higher Education, University News, 43(47), 21-27.

Annual Reports (2009-10 to 2010-11), University Grants Commission, New Delhi: Govt. of India www.ugc.ac.in. *

खेलों के क्षेत्र में जेन्डर विभेदीकरण

कौशल कुमार झा

प्राचीन समय में खेलों का बड़े स्तर पर आयोजन बहुत कम ही होता था। ग्रामीण क्षेत्रों में कुश्ती, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन होता था, राज्यों के द्वारा भी इस तरह के खेल आयोजित किए जाते थे। परंतु इन खेलों में केवल पुरुषों की ही हिस्सेदारी देखने को मिलती थी। महिलाओं के लिए इस तरह के खेल आयोजनों का उल्लेख नहीं मिलता है।

आधुनिक काल में ओलम्पिक खेल आयोजन को वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा खेल आयोजन माना जाता है। इन आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन भी 1896 ई. में फ्रांस के बैरोन पियरे डि कोबार्टिन के प्रयासों से यूनान के एथेंस शहर में शुरु हुआ। इस प्रथम ओलंपिक खेल आयोजन में भी महिलाओं के लिए कोई स्थान नहीं था। महिलाओं की ओलम्पिक खेलों में भागीदारी 1900 ई. में पेरिस में आयोजित द्वितीय ओलम्पिक खेलों से हुई। द्वितीय ओलंपिक के बाद से महिलाओं की प्रतियोगिताएँ धीरे-धीरे बढ़ाई गई परंतु अभी तक 30वें ओलंपिक खेलों के आयोजन तक भी महिलाओं की प्रतियोगिताएँ पुरुषों के बराबर नहीं है।

ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी मैरी लीला राव है। इन खेलों में सर्वाधिक स्वर्णपदक जीतने वाली महिला खिलाड़ी का नाम नारीना लाव्यनीना है, जिसने जिम्नास्टिक वर्ग में सर्वाधिक 9 स्वर्णपदकों सहित कुल 18 पदक जीते हैं। 2012

के लंदन ओलंपिक खेलों में सऊदी अरब, कतर एवं ब्रुनेई ने पहली बार महिला खिलाड़ियों के दल भेजे। वर्तमान में भी पश्चिम एशिया के कुछ देश महिलाओं का खेलों में हिस्सा लेने से रोकते हैं, उन्हें प्रोत्साहन देने के बजाय उन पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाते हैं।

वर्तमान में खेलों में महिलाओं की हिस्सेदारी तो बढ़ती हुई दिखाई देती है परंतु आज भी प्रशासनिक स्तर पर इनकी संख्या नगण्य ही है। महिलाओं से संबंधित खेल संस्थाओं का निर्णय भी पुरुष ही लेते हैं। सबसे ज्यादा कमी जिस चीज की प्रतीत होती है वह है महिला कोच अर्थात् प्रशिक्षु तथा महिला अंपायरों का अभाव। यदि इन क्षेत्रों में भी महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो अवश्य ही ज्यादा से ज्यादा महिलाएँ खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।

वर्तमान में अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महिला खेल संघों के पुरुष खेल संघों में विलय का नियम बना रखा है। IOC के मानक के अनुसार वे ही खेल ओलंपिक खेलों में आयोजित हो सकती है, जिन खेलों के पुरुष और महिलाओं की संस्था एक ही CSuj के नीचे काम कर रहे हों। इन खेलों के अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने सभी देशों के संस्थाओं को निर्देश दिया हुआ है कि सभी देश अपने-अपने यहाँ पुरुष और महिला खेल संघों का एकीकरण करें। जो खेल संघ इन निर्देशों का पालन नहीं करेंगे उनकी मान्यता समाप्त कर दी जाएगी।

अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस संघ (ITF) एक बहुत बड़ी और लोकप्रिय संस्था है। अब टेनिस खेलों में मैंने जो विभेदीकरण महसूस किया है वो यह है कि पुरुषों के एकल तथा युगल मुकाबलों का निर्णय 5 सेटों के आधार पर किया जाता है, परंतु महिलाओं के एकल तथा युगल मुकाबलों का निर्णय 3 सेटों के आधार पर ही किया जाता है। इससे यह प्रतीत होता है कि महिलाएँ, पुरुषों की तरह लंबी पारी नहीं खेल सकती। यहाँ महिलाओं को पुरुषों से कमजोर होने का भाव दिखाया

जाता है। एक सराहनीय कदम जो अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिंटन संघ द्वारा उठाया गया है, वो है एक ऐसी स्पर्धा का आयोजन जिसमें महिलाएँ तथा पुरुष मिलकर खेल दिखाते हैं, जिसे मिश्रित युगल मुकाबले कहे जाते हैं। अन्य खेल संघों को भी इससे प्रेरणा लेकर मिश्रित मुकाबले भी आयोजित किये जाये।

भारत देश की बात की जाये तो यहाँ वर्तमान में क्रिकेट सबसे लोकप्रिय खेल है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) के निर्देशानुसार भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट संस्थाओं का एकीकरण करना पड़ा। परंतु जब से एकीकरण हुआ है उसके पश्चात् महिला क्रिकेट की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। पहले महिलाओं की क्रिकेट संस्था नियमित तौर पर टैस्ट मैचों का भी आयोजन किया करती थी। परंतु कई सालों से बी. सी.सी.आई. ने महिलाओं के लिए टैस्ट मैचों का आयोजन लगभग बंद कर दिया है। 2014 में 6 साल के उपरांत भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैण्ड के विरुद्ध एक टैस्ट मैच खेलने का अवसर मिला जिसे भारतीय महिलाओं ने जीता। ये तो आयोजन संबंधी कुछ उदाहरण है। अब वेतन की बात करते हैं, पुरुष क्रिकेटरों को तो करोड़ों रुपये के सालाना काट्रैक्ट मिलते हैं ऊपर से डेली अलाउंसेस भी दिए जाते हैं, परंतु महिलाओं को काट्रैक्ट लाखों में मिलता है और डेली अलाउंस तथा मैच फीस तो केवल कुछ हजार तक सीमित है। हमारे खेल प्रशंसक भी इस तरह का भेद-भाव दिखाते हैं, वे पुरुष क्रिकेटरों के तो सैकड़ों नाम गिना देंगे परंतु महिलाओं के गिने चुने नाम भी नहीं बना पाते हैं। मिथाली राय, अंजुम चोपड़ा, झूलन गोस्वामी, सुलक्षणा नायर, गौहर सुल्ताना आदि खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन की आवश्यकता है। ये खिलाड़ी अपने दम पर, कई सामाजिक अवरोधों के बाद अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचती है।

पी. टी. उषा, कर्णम मल्लेश्वरी, मैरीकॉम, साइना नेहवाल, सानिया मिर्ज़ा, दीपिका कुमारी, बोम्बायला देवी, कृष्णा पुनिया, गीता फोगाट एवं बबीता फोगाट आदि महिला खिलाड़ियाँ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रही है। भारतीय समाज तथा सरकार का दायित्व है कि महिलाओं के लिए खेल सुविधाओं को बढ़ावा दे। ग्रामीण स्तर पर जो भी खेल मैदान दिखते हैं, उन पर पुरुषों का कब्जा रहता है, महिलाओं को भी खेलों के स्थान उपलब्ध कराने होंगे, तथा अभिभावकों को अपने लड़कियों को भी खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इनको भी समान अवसर उपलब्ध कराने होंगे, तभी महिलाएँ और पुरुषों में खेलों के क्षेत्र में भी बराबरी दिखाई देगी।

जेंडर संवेदीकरण : सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य

विवेक कुमार

सृष्टि के आरम्भ से ही नर और नारी एक दूसरे के पूरक रहे हैं। नर और नारी में से किसी एक के अनुपस्थित होने पर सृष्टि रचना असम्भ्व है। हमारी धार्मिक मान्यतानुसार भगवान का एक रुप अर्द्धनारीश्वर भी है। पुरुष और स्त्री दोनो एक दूसरे के पूरक होने के बावजूद हमारा समाज विभिन्न रुपों में भेदभाव करता है। जिसके परिणामस्वरुप आज "जेंडर संवेदीकरण" की अवधारणा का उद्भव हुआ है और साथ ही दोनों में समानता के लिये भी आवाज उठी है। प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि किस प्रकार की समानता? स्त्री और पुरुष किस प्रकार समान हो सकते हैं?

यहाँ दो शब्दों पर ध्यान दें- सेक्स और जेंडर। सेक्स शब्द स्त्री और पुरुष के जैविक विशेषताओं के आधार पर किया गया वर्गीकरण है। जैसे उसकी शारीरिक बनावट, हारमोन्स, क्रोमोजोम्स, जीन्स, इत्यादि। जेंडर शब्द से तात्पर्य स्त्री और पुरुष को समाज तथा संस्कृति द्वारा सौंपे गये भूमिकाओं से है। इन भूमिकाओं के द्वारा स्त्री और पुरुष के व्यवहार व उनके सम्बन्धों को परिभाषित किया जाता है। स्त्री पुरुष की शारीरिक संरचना में भिन्नता का कारण जैविक ही है। शारीरिक और बौद्धिक दृष्टि से सबको समान बनाना सम्भव नहीं है। अतः इस जैविक अर्थ में भेदभाव को समाप्त नहीं किया जा सकता। अतः हमें जेंडर वाले अर्थ

को ग्रहण करना पड़ेगा। अर्थात समाज और संस्कृति।

प्राय: Gender Sensitivity और Gender Awareness को एक ही समझा जाता है। किन्तु वास्तव में Gender Sensitivity, Gender Awareness का प्रारम्भिक रूप है। "जेंडर संवेदीकरण" अत्यन्त आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सम्प्रत्यय है। यह लैंगिक भेदभाव पर सवाल उठाता है तथा साथ ही साथ जनमानस को जेंडर मुद्दे के प्रति जागरूक करता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि जेंडर संवेदीकरण, जेंडर मुद्दे को पहचानने व स्त्रियों के भिन्न-भिन्न दृष्टिकोणों, उनकी सामाजिक स्थितियों तथा जेंडर भूमिकाओं से उत्पन्न रूचियों को जानने की क्षमता है।

जेंडर संवेदीकरण के दो महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य हैं

* मनोवैज्ञानिक
* समाजिक
* मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य :

प्रथम महत्वपूर्ण पहलू इसका मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण है। इसके अन्तर्गत हम छात्र और छात्राओं के विभिन्न अवस्थाओं में जेंडर के प्रति एक संतुलित सोच विकसित करने का प्रयास कर सकते हैं।

सर्वप्रथम हमें यह विचार करना चाहिए कि जेंडर भेद प्रारम्भ कहाँ से होता है? वस्तुत: यह प्राकृतिक रूप से माँ के गर्भ से ही प्रारम्भ हो जाता है। इसमें सबसे पहले Pre natal Stage है। गर्भ में chromosomes के द्वारा ही यह निर्धारित हो जाता है कि अगर XY है तो लड़का और XX है तो लड़की है। इसे हम जैविक कारण (Biological Caused) मान सकते हैं। इसके बाद Post natal Stage में माता- पिता इसके जेंडर के आधार पर ही अलग अलग व्यवहार करते हैं और सामाजिक रूप से भी उनकी अलग अलग पहचान निर्धारित होती है। धीरे धीरे घर पर ही उन्हें अलग अलग तरीके से यह महसूस कराया

जाता है कि वह लड़का है या वह लड़की है जैसे कपड़ों को चुनने में, खिलौनों में, या बोलने की भाषा में।

बाल्यावस्था :

बाल्यावस्था में जेंडर संवेदन को उचित दिशा प्रदान करने के लिये छात्र व छात्राओं को विभिन्न परिस्थितियों में विविधता, खुलापन, तथा अन्वेषणपरक व्यवहार को बढ़ावा देना चाहिए। उनको अधिक से अधिक खेलने एवं अपने साथियों के सम्पर्क में रहने के लिए मौका प्रदान करना चाहिए। उन्हें अपनी योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इससे उन्हें एक दुसरे को समझने का मौका मिलेगा तथा वे एक दुसरे का सम्मान कर सकेंगे। पाठ्यपुस्तकें भी जेंडर भेदभाव से मुक्त होनी चाहिए। तभी धीरे धीरे समाज से भी इस भेदभाव को मिटाया जा सकता है।

किशोरावस्था :

किशोरावस्था को संक्रमण काल की संज्ञा दी जाती है। इस समय एक किशोर या किशोरी ना तो बच्चा रहता है और ना ही परिपक्व होता है। वह अपनी एक अलग पहचान बनाने हेतु तत्पर होता है। किशोर जैसे-जैसे परिपक्व होता है, उसकी बुनियादी आवश्यकताओं के साथ कुछ प्रसुप्त आवश्यकतायें मुख्य रूप से उभरती हैं। गौण यौन चिन्ह उसे चिन्तित करते हैं। यही वह समय है जब हम उनके लिये उपयुक्त माहौल तैयार कर उनकी मदद कर सकते हैं। इस दिशा में माता-पिता, शिक्षकों तथा उनकी शिक्षण विधियों का महत्व बढ़ जाता है।

किशोर व किशोरियों का व्यवहार उनके संवेगों के अधीन होता है। इस अवस्था में जेंडर संवेदीकरण के लिये हमें उनकी संवेगों को सकारात्मक दिशा देना होगा। इसके लिए हमें घर, कॉलेज तथा समाज का वातावरण ऐसा बनाना होगा! जिससे हमें एक दूसरे को समझने का अवसर प्राप्त हो सके। इसमें माता-पिता, शिक्षक, प्रशासक तथा समाज से जूड़े हर व्यक्ति का अहम किरदार है।

* **समाजिक परिप्रेक्ष्य :**

समाजिक परिप्रेक्ष्य के अन्तर्गत परिवार, आस पड़ोस, वय समूह, विद्यालय, अध्यापक, कार्यस्थल इत्यादि आते हैं।

परिवार :

प्रकृति द्वारा मानव जाति को स्त्री और पुरुष के रूप में विभक्त किया गया है। किन्तु हमने उसे बेटा और बेटी में बाँट दिया है। और इसके साथ ही सबसे पहले घर में ही भेदभाव प्रारम्भ हो जाता है। दोनों के पालन पोषण में अन्तर होता है, शिक्षा देने में भेद किया जाता है। विद्यालय स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त करने के बावजूद उच्च स्तर पर बालिकाओं की संख्या में कमी आयी है। अतः आज आवश्यकता है पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही रूढ़ीवादी सोच से उपर उठकर बेटा और बेटी को समान समझने की। बेटियों को उनका अधिकार पहले हमें अपने घर में ही देना पड़ेगा।

विद्यालय :

विद्यालय के स्तर पर भी छात्राओं को अनेक प्रकार की समस्याओं से रूबरू होना पड़ता है जैसे –Seating Plan , Subject Selection, and Participation in Outdoor Games इत्यादि। Seating Plan में अधिकांश विद्यालयों में छात्र और छात्राओं की अलग अलग बैठने की व्यवस्था होती है, इससे समस्या और बढ़ जाती है। आवश्यकता इस बात की है कि वातावरण इस प्रकार का हो कि सभी अपनी इच्छानुसार कक्षा में बैठ सकें। प्रायः छात्राओं को विज्ञान, गणित इत्यादि कठिन माने जाने वाले विषयों को लेने के लिये विद्यालय में प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। इसी प्रकार Outdoor Games में भी बालिकाओं की भागीदारी कम ही होती है। अतः यहाँ भी भेदभाव किया जाता है।

अध्यापक :

हम जानते हैं कि अध्यापक सामाजिक परिवर्तन का अग्रदूत होता है फिर भी यदि हम अपने आस पास नज़र दौड़ायें तो परम्परावादी, दकियानूसी, सामन्तवादी, अलोकतान्त्रिक और अवैज्ञानिक सोच वाले शिक्षक मिल ही जायेंगे। इनके चिंतन प्रक्रिया में तर्क का स्थान नहीं दिखाई देता । कुछ शिक्षक दोहरेपन का शिकार हैं। पाठ पढ़ाते हुए अलग होते हैं और व्यवहार में अलग। पाठ्यपुस्तक में इनका स्वयं विश्वास नहीं होता। ऐसे अध्यापकों को सबसे पहले प्रशिक्षण देकर जागरूक करने की आवश्यकता है, जिससे ये अपनी कक्षा को जेंडर भेदभाव से मुक्त रख सकें और छात्राओं को स्वस्थ कक्षा वातावरण प्राप्त हो सके।

निष्कर्ष :

आज जरूरत है स्त्री पुरूष के बीच जैविक विभेद को स्वीकार करते हुए सांमजस्य स्थापित करने और उसके अनुसार सभ्यता के विकास हेतु कार्य करने की। नारी आन्दोलन मात्र एक पक्ष की आलोचना करके दुसरे पक्ष को मजबूत नहीं बना सकता। यह सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी स्वास्थ्यप्रद नहीं है। लिंग समानता एक सुसंगत आदर्श है और इसके लिए हमें उन आदर्शों की ओर झांकना पड़ेगा जहाँ से यह शुरू होती है। इस हेतु जरूरी है कि पुस्तकों के स्तर पर लिंग अभिनति समाप्त किया जाय । स्त्रियों की शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार व स्वास्थ्य के सम्बन्ध में ठोस कदम उठाने के साथ साथ स्त्रियों में सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता व चिन्तन का विकास करने की आवश्यकता है। स्त्रियों को इसमें स्वयं सक्रिय भूमिका निभानी होगी तथा हर प्रकार के भेदभाव, शोषण, अन्याय, अत्याचार व दमन का डटकर मुकाबला करना होगा तभी स्त्रियों की स्वतन्त्र पहचान बन पायेगी और एक व्यापक रूप में उनका स्वतन्त्र अस्तित्व कायम हो पायेगा। ऐसी ही

स्थिति में जेंडर समानता व्यवहारिक रूप मेंसम्पूर्ण विश्व में स्थापित होगी।

इसमें कोई शक नहीं कि जेंडर समता को बौद्धिक स्तर पर कोई भी खण्डित नहीं कर सकता । किन्तु स्त्रियों को इसमें स्वयं आगे आना होगा। पुरूषों को भी यह धारणा त्यागनी होगी कि नारी को बराबरी का अधिकार दे दिया गया तो हमारा वर्चस्व समाप्त हो जायेगा। उन्हें यह समझना होगा कि यदि नारियाँ बराबर की भागीदार बनीं तो उन पर पड़ने वाले तमाम अतिरिकत बोझ समाप्त हो जायेंगे और वे तनावमुक्त होकर जी सकेंगे। यह नर नारी समता का एक सुसंगत और आदर्श रूप होगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

- अग्रवाल, जे. सी., भारत में शिक्षा व्यवस्था का विकास, शिप्रा पब्लिकेशन, 2007
- मेनन, निवेदिता, नारीवादी राजनीति, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली वि.वि., 2001
- सिंह, अरूण कुमार, शिक्षा मनोविज्ञान, भारती भवन, 2013

Promoting Gender Awareness in the Classroom

Kaushal Kumar Jha

In educational circles there exist a widespread assumption that the transmission of knowledge is free of gender bias and therefore in coeducational institution of learning girls and boys receive equal education.But the reality is not so.In coeducational institutions,we can see the different forms of gender discrimination. For example,generally it is seen that girls discouraged from playing outdoor games,only girls conduct assembly prayers.and separate seating arrangements are made in institution girls and boys, in the making of rangoli and in singing girls are preferred.So it can be said that the coeducational schooling itself act toperpetuate unequal educational experience for girls in relation to boys.on the other hand teachers are also not aware about the role played by themselves in gender teaching.They think that the "sex and gender" these two words are synonyms.Due to this misconception,they do not perform their role in appropriate way.As we know that these words are quite are different from one another.

Sex is the natural distinguishing variable based on biological characteristics of being a man or woman. Gender refers to roles ,attributes and values assigned by culture and society to women and man. In other words, it can be stated as the nature makes us male and female,but the society make us masculine and feminine. Now gender awareness needs to be defined,because without

defining the gender awareness we will not be able to create awareness.

Gender Awareness—Theability to identify problems arising from gender inequality and discrimination is termed as Gender Awareness. As it is clear that the future citizens are prepared in the classroom and the teachers play an important role in gender teaching.So, it should be the fundamental duty of the teachers to make the classroom free of gender bias.

Remedial solution for the promotion of gender awareness in the classroom are as follows:-

Perception of learner's abilities:

1.Value equally the learning ability of both male and female learners.

2. Facilitate both female and male learner's abilities to learn and progress equally and develop their potential to the fullest.

Learner's attitudes towards each other

3. React cautiously to unfriendly and potentially gender-biased attitudes that learners may demonstrate toward female male learners.

4. Help learners question these attitudes in order to prevent them from happening in the future.

Learner's participation in the classroom

5. Call on or address both female male learners a balanced number of times and for all subjects.

6. Give both female and male learners equal opportunity to present their work or answers to the class on equal regularity and for all subjects.

7. Give both female and male learners equal opportunity to write on the writing board a balanced number of times and on all subjects.

8. Give similar duties to both female and male learners. (example-cleaning, moving furniture,etc.)

9. Support and encourage both female and male learners to be class leaders,possibly having one female and onemale co-leader.

10. Have a class room seating plan that enables both female and male learners to participate and have equal opportunities to learn.

Personal development and training

11. Seek advice on teaching method that are more gender sensitive.--From other teachers.

-From the school inspector.

-From gender experts and attending formal training cources.

--From parent-teacher association.

--From NGOs

--By his/her own means through self-study. Mentoring, guidance and counseling to learners

12. Provide guidance and counseling, if possible, as well as mentoring support to both female and male learners with regard to continuation of their studies,job perspectives or psycho-social needs. This support should be delivered in a gender sensitive way so that both boys and girls do not choose stereotyped paths.(for instance girls should not be led to select subjects that are traditionally regarded as being more feminine or boys should not be

led to select subjects that are regarded as being more masculine) Teaching/Learning environment.

13. Use materials that portray female and male characters in equal numbers and involved in similar activities;if not,the teacher should try to call on learners and help them challenge stereotypes in the portrayal of female and male characters in the teaching/ learning materials used.

14. Display posters on the walls that portray female and male characters in equal numbers and involved in activities together.

लैंगिक संवेदीकरण और थेरीगाथा

विकास सिंह

थेरीगाथा के लैंगिक संवेदीकरण सम्बन्धी विचारों की व्याख्या करने से आधुनिक नारीवादी लेखिकाओं जैसे सिमोन द वोबुआ[1] तथा डौरथी मेयर[2] के इस समीक्षात्मक कथन को ध्यान में रखना आवश्यक है कि वैश्विक इतिहास पुरुषों का इतिहास है, इनमें स्त्रियों का मूल्यांकन एक सीमित अथवा पितृसत्तात्मक ढंग से किया गया है। आर्थिक, धार्मिक, राजनैतिक, कानूनी, सांस्कृतिक मूल्यों, संस्कारों, आदर्शों तथा चिन्तन के विभिन्न रूपों, विचारधाराओं एवं गतिविधियों के जरिए धूर्तता के साथ अत्यंत सूक्ष्म ढंग से पितृसत्ता की संरचना को रचा-बुना गया है, ताकि पुरुष को स्त्री की तुलना में श्रेष्ठ स्थापित किया जा सके।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में पितृसत्ता की दूषित वृत्ति पर प्रहार के सूत्र सर्वप्रथम गौतम बुद्ध की वाणी तथा कार्यों में दिखाई देते हैं। अध्यात्म तथा सामाजिक स्तर पर लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करते हुए बुद्ध ने भिक्खु तथा भिक्खुणी संघों की स्थापना की। इन संघों में यद्यपि भिक्खुणी संघ को भिक्खु संघ के अधीन रखा, किन्तु लिंग संवेदीकरण के क्षेत्र में प्रथम प्रयास था। बुद्ध के वचनों से प्रभावित होकर भिक्खुणी संघ में सम्मिलित होने वाली स्त्रियों में अञ्ञतरा, मुत्ता, पुण्णा, मित्ता, तिस्सा, धीरा, विसाखा, सुमना, धम्मा, सुमंगलमाता, चित्ता, मेत्तिका, सुक्का, सोमा, भद्दाकापिलानी, सुन्दरी नन्दा, पटाचारा, चन्द्रा, खेमा, उत्तरा, सीसूपचाला, किसागोतमी, अम्बपाली, दसिदासी, सुमेधा इत्यादि अनेक नाम हैं।

भगवान् बुद्ध के लैंगिक विचारों को दृष्टिगत रखते हुए दीघनिकाय के महापरिनिब्बानसुत्त[3] को उद्धृत करना आवश्यक है। उसी जांच करना भी आवश्यक है। वहाँ उल्लेख आया है–

'कथं मयं, भन्ते, मातुगामे पटिपज्जामा'ति? (भन्ते! स्त्रियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिये)

'अदस्सनं, आनन्दा'ति। (अदर्शन, आनन्द!)

'दस्सने, भगवा, सति कथं पटिपज्जितब्बं'ति? (दर्शन होने पर भगवन् कैसा व्यवहार करें?)

'अनालापो, अनन्दा'ति। (आलाप न करना।)

'आलपन्तेन पन, भन्ते, कथं पटिपज्जितब्बं'ति। (स्मृति/संजगता को बनाये रखे रहो।)

श्रीमति रीज डेविड्स तथा डॉ. अम्बेडकर ने इस प्रसंग पर अपना मन अभिव्यक्त किया हैं। रीज डेविड्स का मानना है कि समय-समय पर बौद्ध साहित्य का सम्पादन किया गया है, अत: विरक्त भिक्षुओं ने परवर्ती काल में इस प्रकार के विचार जोड़ दिये हों।[4] डॉ. अम्बेडकर ने कई तर्क प्रस्तुत किये हैं। महापनिर्वाणसूत्र के अन्य प्रसंग त्रिविटकों में अन्यत्र भी प्राप्त होते हैं, किन्तु यह प्रसंग नहीं मिलता। त्रिपिटकों के चीनी संस्करण में यह वार्तालाप नहीं मिलता है। ये संवाद सामान्य पुरुषों के लिए न होकर भिक्खुओं के लिए थे।[5]

न केवल भारतीय अपितु विश्व इतिहास में थेरीगाथा नारी मुक्ति का वर्णन करने वाला प्रथम प्रमाण है। यह पालि त्रिपिटक-साहित्य में सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय का एक ग्रन्थ है। इसमें 522 गाथाओं के माध्यम से 73 भिक्खुओं ने अपने अनुभव को संगीतात्मक तथा आत्माभिव्यञ्जनात्मक गीति शैली में अभिव्यक्त किया है। थेरीगाथा में

स्त्रियों ने जिस दृष्टि से संसार को देखा है, वह पुरुषों की दृष्टि से सर्वथा पृथक् है। पुरुषों का दृष्टिकोण जहाँ सृष्टि-वैचित्र्य, दार्शनिक जगत् अथवा सौन्दर्य-चित्रण में रमता है, वहीं थेरीगाथा की भिक्षुणियों का दृष्टिकोण यथार्थपरक है तथा वह एक विशेष प्रकार का सामाजिक-पारिवारिक आयाम लिये हुए हैं। थेरीगाथा में एक सामान्य स्त्री के प्रव्रजित होने, भिक्षुणी बनने, अर्हत् पद प्राप्त करने, निर्वाण प्राप्त करने का वर्णन है।

कौसल जनपद की दरिद्र ब्राह्मण कन्या मुक्ता (मुत्ता) का विवाह एक कुबड़े व्यक्ति से हो गया। गृहस्थ जीवन को त्यागकर पति की आज्ञा पाकर उसने प्रव्रज्या ग्रहण की तथा पितृसत्तात्मक व्यवस्था पर चोट करते हुए उसने अपने उद्गार अभिव्यक्त किये–

''सुमुत्ता साधुमुत्ताम्हि, तीहि खुज्जेहि मुत्तिया।
उदुक्खलेन मुसलेन, पतिना खुज्जकान च।
मुत्ताम्हि जातिमरणा, भवनेति समूहता''ति।।[6]

अर्थात् उसे तीन टेढ़ी वस्तुओं से से अच्छी तरह विमुक्ति मिल गई है। तीन वस्तुएँ हैं–ओखली, मूसल और कुबड़ा पति। इन तीनों से मुक्ता को छुटकारा मिलना समकाली स्त्रीवाद की प्राथमिक मांग है। किन्तु मुक्ता तत्कालीन समय में पितृसत्ता से अधिक बड़ी मुक्ति आध्यात्मिक मुक्ति का स्वीकार करती है। सांसारिक तृषाओं पर विजय प्राप्त कर उसने जन्म-मरण से भी मुक्ति प्राप्त की। ऐसे ही बुद्ध ने धावन्ती की एक अन्य मुत्ता थेरी को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे राहु के ग्रहण से चन्द्रमा मुक्त हो जाता है, वैसे ही दुःखों के बन्धनों से वह भी मुक्त हो जाए। विमुक्ति प्राप्त चित्त से ही समाज के भोजन को ग्रहण करे।[7] पुण्णा थेरी को पूर्णमासी के चन्द्रमा की भांति इसी जीवन में प्रज्ञा की पूर्णता से अंधकार को नष्ट करने का उपदेश दिया।[8] तिस्सा थेरी को बुद्ध ने काल के महत्त्व को जानकर कल्याणकारी धम्म

को स्वीकार करने को कहा है।[9] धीरा थेरी को समस्त संज्ञाओं की शून्यस्वरूपा निरोध समाधि का पालन करने का ज्ञान देते हुए निर्वाण की आराधना करने को कहा है, क्योंकि निर्वाण अनुत्तर है तथा सभी प्रकार के दुःखों का प्रशन करने वाला है।[10] प्रवर्तन हुई मित्ता[11] तथा भदरा[12] की मैत्री भावना में रत रहते हुए शास्ता ने कुशल धर्मों के अभ्यास से निर्वाण प्राप्ति का उपदेश दिया है।

सेला थेरी ने अपने मनोविकारों पर विजय प्राप्त की। मार द्वारा काम-भोग के प्रलोभन देने पर सेला ने कहा, "अरे पापी मार/काम-भोग का सुख तो मुझे भाले के प्रहार के समान ही इस नाशशील देह का विनाश करने वाला लगता है। जिसे तू विषयों का सुख कह रहा है, वह तो घृणास्पद है। मैंने अपनी कामासक्ति को सव तरफ से दमित कर लिया है। मैंने तेरा भी अन्त कर दिया।"[13] पटाचारा थेरी कार्यकारण सिद्धान्त के आधार पर कहती है कि कृषक हल से भूमि को जोतकर उसमें बीज बोते हैं, जिससे उपार्जित धन से वे अपने स्त्री-पुत्रादि का पालन-पोषण करते हैं। तब उस जैसी शीलसम्पन्ना, शास्ता के उपदेश को मानने वाली, अप्रमादिनी, चंचलता से रहित थिा विनीत साधिका निर्वाण की प्राप्त क्यों नहीं कर सकती?"[14] आध्यात्मिक क्षेत्र में ऐसी अनेक स्त्रियों का जन्ममरण के रहस्य को समझना उस समय एक क्रान्ति से कम नहीं था।

ये केवल भिक्खुणियाँ मात्र ही न थी, अपितु पुरुष भिक्खुओं की भांति धम्मोपदेश भी देती थी। पटाचारा ने चन्दा इत्यादि अनेक भिखुणियों को प्रव्रजित किया। भरुकचछ की बड्ढ ने अपनी थेरी वड्ढमाता के वचनों से प्रभावित होकर निर्वाण की प्राप्ति की।[15] धम्मदिन्ना जैसी तार्किक तथा दार्शनिक भिक्खुणी भी थी, जिसने राजा बिम्बिसार की शंकाओं का समाधान किया था। कुण्ड्लकेशा ने सारिपुत्त के साथ धर्मविषयक वाद-विवाद किया था। इसने अर्हत् पद भी प्राप्त किया था।

थेरीगाथा के अध्ययन से पताचलता है कि प्राचीनकाल में अधि कांश स्त्रियाँ संतान विशेषकर पुत्र की मृत्यु के शोक से परितप्त होकर रोया करती थी, जिससे कीं न कहीं वे पुरुषवाद की मानसिक प्रवृत्ति से बंधी हुई थीं। बौद्ध भिक्खुओं ने सर्वप्रथम इसका तिरस्कार किया। उन्होंने सत्य के पहलु को जान लिया। इनका मानना था कि मनुष्य का जिस रूप में जन्म होता है, उसी रूप में मरण भी होता है। तब शोक करना व्यर्थ है।''[16]

ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् भिक्खुणी महाप्रजावती गौतमी जिसने बुद्ध का बाल्यकाल में पालन-पोषण किया था, ने शब्दशः चार आर्यसत्यों के निदर्शन करने की पुष्टि की है। दु:ख की सत्ता विद्यमान है, अत: उन्हें दूर किया जा सकता है। दु:खों के मूल तृष्णा को नष्ट कर दु:खों का उच्छेद संभव है। दु:खों को निरूद्ध करने के लिए आर्य अष्टांगिक मार्ग का सिद्धान्त है।[17]

मार को फटकारते हुए सीमा थेरी कहती है कि चित्त को अच्छी तरह समाधिस्थ करने, वर्तमान ज्ञान की प्राप्त करने तथा प्रज्ञा के द्वारा सम्यक् धर्म का दर्शन करने पर स्त्रीत्व क्या करेगा? स्वयं की काम-वासना की समूल नष्ट करते हुए मैंने प्राणियों का अंत करने वाले तुझे पूरी तरह नष्ट कर दिया है अर्थात् काम पर विजय प्राप्त की है।[18]

थेरी गाथा के अध्ययन के पश्चात् यह कहा जा सकता है कि न केवल भारतीय इतिहास में अपितु सम्पूर्ण विश्व इतिहास में लैंगिक संवेदीकरण के प्रश्न को सर्वप्रथम गौतम बुद्ध द्वारा उठाया गया, जिसका समाधान उन्होंने स्त्रियों को संघ में प्रवेश देकर किया। धम्म की दीक्षा पाकर स्त्रियाँ एक स्वतन्त्र व्यक्ति बन जाती थी। बुद्ध के इस सांस्कृतिक आन्दोलन से तत्समय विभिन्न स्त्रियों ने स्वयं को जोड़ा तथा 'अत्त दीपो भव' के उद्घोष के आधार पर स्वयं की मुक्ति का अनुसंधान किया। यह खोज महल पटाचार, धम्मदिन्ना, सुभेधा अथवा इसिदासी इत्यादि

किसी एक स्त्री की मुक्ति तक सीमित न होकर सांसारिक करुणा से परिपूरित थी। भिक्खुणी बनकर कोई भी नारी स्वयं की मुक्ति के अलावा अन्य स्त्री व पुरुषों की भी मुक्ति का उपदेश देती थी। धम्मचक्र निरंतर गतिशील है। डॉ. अज्ञात के शब्दों में कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बुद्ध के वचनों को मानकर यदि भारतीयों ने स्त्री-पुरुष की समानता के सिद्धान्त को व्यवहारिक मान लिया होता तो स्त्रियों को पढ़ने-लिखने, शस्त्र-शास्त्र सीखने और अपनी सन्तति को सुयोग्य व बुद्धिवादी बनाने तथा अंधविश्वासों से दूर रखने के अवसर प्राप्त होते, जिससे भारत में बौद्धिक जड़ता के स्थान पर बौद्धिक गतिशीलता आती और भारत विश्व में रचनात्मक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त करता।[19]

1. De Beauvoir, Sinon, Second Sex, New york Knoph, 1953
2. Sayer, Dorothy, Are Women Human?, Grand Rapids Eardmans, 1971
3. दीघनिकाय, 2/3/5
4. अम्बेडकर, भीमराव, हिन्दु नारी का उत्थान और पतन, गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, 2009, पृष्ठ 6
5. वही, पृ. 7
6. थेरीगाथा, 11
7. सुत्ते मुच्चस्सु योगेहि, चन्दो राहुग्गहा इव। विप्पमुत्तेन चित्तेनख अनणा 'भुञ्ज पिण्डक''न्ति।। वही, 2
8. ''पुण्णे पूरस्सु धम्मेहि, चन्दो पन्नरसेरिव। परिपुण्ण पञ्ञाय, तमोखन्धं पदालया''ति।। वही 3
9. ''तिस्से युञ्जस्सु धम्मेहि, खण्णे तं मा उपच्चगा। खणातीता हि सोचन्ति, निरयम्हि समप्पिता''ति।। वही, 5
10. ''धीरे निरोधं फुसेहिए सञ्ञावूपसमं सुखं। आराधयाहि निब्बानं, योगक्खेममनुत्तरं''न्ति।। थेरीगाथा, 6
11. ''सद्धाय पब्बजित्वान, मित्ते मित्तरता भव। भावेहि कुसले धम्मे, यांगक्खेमस्स पत्तिया''ति।। वही, 8
12. ''सद्धाय पब्बजित्वान, भद्रे भद्ररता भव। भावेहि कुसले धम्मे, यांगक्खेमस्स पत्तिया''ति।। वही, 9
13. नत्थि निस्सरणं लेके, किं विवेकेन काहसि। भुञ्जाीं कामरतियो, माहु पच्छानुतापिनी।।

सत्तिसूलूपमा कामा, खन्धासं अधिकुट्टना। यं त्वं 'कामरति' ब्रूसि, 'अरति' दानि सा मम।।
''सब्बरत्थ विहता नन्दी, तमोखन्धो पदालितो। एवं जानजहि पापिम, निहतो त्वमसि अन्तका''ति।। वही, 57-59

14. नङ्गलेहि कमं खेत्तं, बीजानि पवपं छम। पुत्तदारानि पोसेन्ता, धनं विन्दन्ति माणवा।।
किमहं सीलसम्पन्ना, सत्थुसासनकारिका। निब्बानं नाधिगच्छामि, अकुसीता अनुद्धता।। थेरीगाथा, 112-13

15. थेरीगाथा, 204-12

16. पेता मनुस्सरूपेन, सं रन्तो गमिस्सति। यथागतो तथा गतो, का तत्थ परिदेवना।। वही, 130

17. सब्बदुक्खं परिञ्ञातं, हेतुतण्हा विसोसिता। भावितो अट्ठङ्गिको, भावितट्ठङ्गिको मब्बो, निरोधो फुसितो मया।। वही, 158

18. ''इत्थिभावो नो किं कथिरा, चित्तस्हि सुसमाहिते। एवं जानाहि वत्तमानम्हि, सम्मा धम्मं विपस्सतो।।
सब्बत्थ विहवा नन्दी, तमोखन्धो पदालितो। एवं जानाहि पापिस, निहता त्वमसि अन्तका''ति।। वही, 62-63

19. अज्ञात, सुरेन्द्र, बुद्धधम्म, बुद्धिवाद व आंबेडकर, सम्यक प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 2010, पृ. 182

Our Contributors

1. Dr. Rachna Verma Mohan
   Professor, Department of Education
   Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

2. डॉ सुजाता त्रिपाठी
   सहायक आचार्य, व्याकरण विभाग
   श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

3. Dr. Savita Rai
   Assistant Professor, Department of Education
   Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

4. Dr. k. Bharat Bhushan
   Asso. Professor, Department of Education
   Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

5. डॉ. सुमन कुमार झा
   सहायक आचार्य, साहित्य विभाग
   श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

6. डॉ. कल्पना जैन
   सहायक आचार्य, प्राकृतभाषा विभाग
   श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

7. Dr. Rajani Joshi Chaudhary
   Professor, Department of Education
   Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

8. Dr. Minakshi Mishra
   Asst. Professor, Department of Education
   Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

9. प्रो. रश्मि मिश्रा
   श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

10. Dr. Amritbir Kaur
    Guest faculty, Department of Education
    Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

11. श्री शिवदत्त आर्य
    अतिथि प्रवक्ता, शिक्षाशास्त्र विभाग
    श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

12. डॉ. नारायण वैद्य
    अतिथि अध्यापक (शिक्षाविभाग)
    राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, जम्मू

13. Dr. Jagdish Raj Sharma
    Asso. Professor, Department of Education
    Rashtriya Sanskrit Sansthan, Jammu

14. श्री नवल ठाकुर
    अतिथि प्रवक्ता, शिक्षा विभाग
    श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

15. Mr. Jitender Kumar
    Guest Faculty, Department of Education
    Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

16. Ms. Kavita Meena
    Sr. Lecturer, District Institute of Education & Training,
    Ghummanhera, New Delhi

17. कु. तृप्ता अरोड़ा
    शोध–छात्रा (शिक्षाशास्त्र)
    श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

18. श्री जीवन कुमार भट्टराई
    शोध–छात्र, साहित्य विभाग
    श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

19. Mr. Ratan Barik
    Research Scholar (Education)
    Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

20. श्री कौशल कुमार झा
    शिक्षाचार्य (छात्र)
    श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

21. श्री विवेक कुमार तिवारी
    शोध–छात्र (शिक्षा), आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय
    श्री ला.ब.शा.रा. संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

22. Mr. Kaushal Kumar Jha
    M.Ed. (Student)
    Shri L. B.S.R. Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi

23. विकास सिंह
    शोध–छात्र, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जे.एन.यू. नई दिल्ली